● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 52, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 26 मार्च 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





बिजली के दामों पर सरकार का यूटर्न 5

इंपैक्ट प्लेयर नियम पर बोले महेन्द्र सिंह धोनी 6

# भारत-भूमि की सनातन संस्कृति में जन्म होना हमारा सौभाग्य : डॉ. यादव

## बड़े नगरीय निकायों में 10-10 हजार गौ-वंश की क्षमता वाली बनाई जाएगी गौ-शालाएं



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत-भूमि की सनातन संस्कृति में जन्म होना हमारा सौभाग्य है। मेरा परम सौभाग्य है कि प्रदेश के सबसे बड़े गौ-अभयारण्य में जन्मदिन पर साधु-संतों एवं गौ-माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। ये हमारी संस्कृति को न केवल पुष्पित-पल्लवित करते है, बल्कि हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सालरिया में गौ-माताओं को शुद्ध घी से बने 6100 लड्डुओं का भोग लगाया। उन्होंने सालरिया में 58 करोड़ 93 लाख रूपये के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 186 स्व-सहायता समूहों को 6 करोड़ 12 लाख रूपये का बैंक ऋण वितरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्या-पूजन कर उपहार भेंट किये। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जन्मदिन पर गौ-अभयारण्य सालरिया (सुसनेर) में एक वर्षीय वेदलक्षणा महा-महोत्सव अन्तर्गत गौ-कथा उपसंहार कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ हवन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौ-माता में हमारे 33 कोटि देवी-देवता विराजमान है, गौ-माता अपने आंचल से हमको जीवन देती है, यह प्रकृति के समान हमको जीना सिखाती है। उन्होंने कहा कि जो गाय पालते हैं, वे सभी गोपाल हैं। जिन घरों में गाय का कुल है, वह गोकुल हैं। हमें हर घर को गोकुल बनाना है। उन्होंने कहा कि जिस गांव में कोई विवाद न हों, जहां हर घर में गौ-माता हों, ऐसे गाँव को हम वृंदावन बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने हर-घर में गौवंश बढ़ाने का निर्णय लिया है, इसके लिये निरंतर कार्य कर रही है, गौ-शालाओं को आहार अनुदान की राशि 20 रूपए से बढ़ाकर 40 रुपए की गई है। जो व्यक्ति अपने घर में 10 से अधिक गौवंश पालेगा, उसे भी सरकार अनुदान राशि देगी। इसके साथ ही पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन पर प्रति लीटर पर 5 रूपए बोनस दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में दूध उत्पादन का लगभग 9 प्रतिशत आपूर्ति मध्यप्रदेश द्वारा की जाती है। नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड से दुग्ध उत्पादन 20 प्रतिशत तक बढ़ाकर प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाया जाएगा। प्रदेश की सभी बड़ी नगर निगम में 10-10 हजार गौवंश की क्षमता वाली गौशालाओं बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित हो रहे है। प्रधानमंत्री के ज्ञान पर ध्यान के मंत्र को साकार करने के लिये प्रदेश सरकार कृत-संकल्पित होकर मिशन मोड में काम कर रही है।

# लोकसभा से वित्त विधेयक 2025 पारित

## वित्त मंत्री सीतारमण ने करदाताओं को राहत देने वाला बताया



**नई दिल्ली।** लोकसभा ने 35 सरकारी संशोधनों को शामिल करने के बाद वित्त विधेयक 2025 पारित कर दिया। इससे पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त विधेयक 2025 को करदाताओं के लिए अभूतपूर्व कर राहत देने वाला बताया। लोकसभा में बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के जरिए मध्यम वर्ग और व्यवसायों को राहत मिलने की उम्मीद है।

इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में महत्वपूर्ण कर सुधारों का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अनिश्चितता को दूर करने के लिए ऑनलाइन विज्ञापनों पर लगने वाला समानीकरण शुल्क समाप्त किया जाएगा। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने बताया कि एक लाख करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान के बावजूद 2025-26 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह में 13.14% की वृद्धि का अनुमान यथार्थवादी है।

सीतारमण ने यह भी कहा कि सीमा शुल्क में तर्कसंगत बदलाव से देश में विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा, निर्यात को गति मिलेगी और आम जनता को महंगाई से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि नए आयकर विधेयक पर संसद के अगले मानसून सत्र में चर्चा होगी। लोकसभा में वित्त विधेयक 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि नया आयकर विधेयक, जिसे 13 फरवरी को सदन में पेश किया गया था, वर्तमान में प्रवर समिति की ओर से जांचा जा रहा है। प्रवर समिति को संसद के अगले सत्र के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। सीतारमण ने कहा, ''...हम इसे (नए आयकर विधेयक को) मानसून सत्र में लाएंगे।'' संसद का मानसून सत्र आमतौर पर जुलाई में आयोजित होता है और अगस्त तक चलता है।

आयकर विभाग ने पहले कहा था कि सरलीकृत आयकर विधेयक, जो 1961 के आयकर अधिनियम का आधा है, मुकदमेबाजी और नई व्याख्या की गुंजाइश को कम करके कर निश्चितता हासिल करने का प्रयास करता है। नए विधेयक में शब्दों की संख्या 2.6 लाख है, जो आईटी अधिनियम में 5.12 लाख से कम है। मौजूदा कानून में 819 प्रभावी धाराओं के मुकाबले इसमें धाराओं की संख्या 536 है। अध्यायों की संख्या भी 47 से घटाकर आधी 23 कर दी गई है। आयकर विधेयक 2025 में मौजूदा अधिनियम में 18 तालिकाओं की तुलना में 57 तालिकाएं हैं और 1,200 प्रावधान व 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं।

# हमें आपदा प्रबंधन संस्थाओं को शक्तियां भी देनी होंगी: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा के दौरान विपक्ष पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि 15-20 साल तक किसी का नंबर नहीं लगने वाला है। जो कुछ करेंगे लंबे समय तक हम ही करेंगे। विपक्ष को लगता है कि शायद हम आएंगे तो बदलेंगे, लेकिन ऐसा कुछ नहीं होने वाला है। इसमें बहुत देर है। आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है।

गृह मंत्री ने कहा कि कोरोना 19 जैसी आपदा, बढ़ता शहरीकरण और अनियमित बारिश की आपदा व जलवायु परिवर्तन से आपदाओं का आकार बदल गया है। इससे निपटने के लिए हमें तरीके बदलने पड़ेंगे। हमें इससे निपटने की व्यवस्थाएं बदलनी होंगी। इसके अलावा हमें संस्थाओं का आकार बढ़ाना होगा और उनकी जवाबदेही में तय करनी होगी। अमित शाह ने कहा कि हमें आपदा प्रबंधन संस्थाओं को शक्तियां भी देनी होंगी।

उन्होंने कहा कि आज एनडीआरएफ की 16 बटालियन काम कर रही हैं। यह आपको थोड़ा अजीब लग सकता है, लेकिन मैं कह सकता हूं कि एनडीआरएफ के भगवा रंग के कपड़े लोगों को यह विश्वास दिलातें हैं कि यह आ गए, अब हम बच जायेंगे। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग ने आपदा में सहायता करने के मानदंड तय किए हैं। सहायता किस तरह की जाएगी, किस दर से की जाएगी, यह भी तय किया है। मरने वाले पशु दुधारू है या नहीं, गिरने वाला मकान कच्चा था या पक्का, इस आधार पर सहायता की राशि तय है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के दो घटकों जम्मू-कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट (जेकेपीएम) और जेएंडके डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट (जेकेडीपीएम) ने अपने सभी संबंध तोड़ने की घोषणा की है।

# सुप्रीम कोर्ट की आंतरिक समिति ने जांच शुरू की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की आंतरिक समिति ने दिल्ली हाईकोर्ट के जज के घर पर कथित तौर पर भारी मात्रा में कैश की बरामदगी मामले में जांच शुरू कर दी है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त आंतरिक समिति के तीन सदस्यों की टीम जांच के लिए पहुंची।

मिली जानकारी के मुताबिक, तीनों सदस्य की टीम में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी एस संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायाधीश अनु शिवरामन शामिल हैं।

# एक देश एक चुनाव विधेयक पर बनी संसदीय समिति का कार्यकाल बढ़ा

## राज्यसभा से नए सदस्य का भी एलान



**नई दिल्ली।** लोकसभा ने मंगलवार को एक देश एक चुनाव को लेकर गठित संसदीय समिति का कार्यकाल बढ़ाने की मंजूरी दे दी। अब इस समिति का कार्यकाल संसद के मानसून सत्र के अंतिम हफ्ते के पहले दिन तक रहेगा। संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने समिति के कार्यकाल में विस्तार का प्रस्ताव लोकसभा में पेश किया, जिसे ध्वनिमत से मंजूर कर लिया गया।

लोकसभा के महासचिव ने सदन को ये भी बताया कि राज्यसभा से एक नए सदस्य को भी संसदीय समिति में जगह दी गई है। 39 सदस्यीय समिति में वाईएसआर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद वी विजयसाई रेड्डी के इस्तीफे के बाद एक पद खाली था। समिति के सदस्यों का मानना था कि उन्हें प्रस्तावित कानून के लिए बड़ी संख्या में हितधारकों से चर्चा करनी होगी, ऐसे में समिति का काम लंबा चलने की संभावना है। यही वजह है कि समिति का कार्यकाल बढ़ाया गया है।

एक देश एक चुनाव के लिए दो विधेयक बीते साल दिसंबर में लोकसभा में पेश किए गए थे। ये विधेयक हैं- संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और संघ राज्य क्षेत्र (कानून) संशोधन विधेयक। इन दोनों विधेयकों का मकसद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराने के लिए जरूरी बदलाव करना है।

# भारत और अमेरिका के बीच नए व्यापार समझौते पर बातचीत

**नई दिल्ली।** मंगलवार को संसद में वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने भारत और अमेरिका के बीच नए व्यापारिक संबंध बनाने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका एक नए व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि इस समझौते में बाजार तक पहुंच को बढ़ाना, आयात शुल्क, अन्य गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करना और आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर बनाना शामिल है।

# पानीपत की तीसरी लड़ाई मराठाओं की हार नहीं, बल्कि वीरता की प्रतीक



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को राज्य विधानसभा में पानीपत की तीसरी युद्ध का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पानीपत का तीसरा युद्ध मराठाओं की हार का नहीं, बल्कि उनकी बहादुरी का प्रतीक थी। यह बयान उन्होंने विपक्ष के अंतिम सप्ताह प्रस्ताव पर बहस का जवाब देते हुए दिया। राज्य विधानसभा में सीएम फडणवीस ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज का स्मारक बनाने की योजना बना रही है। इसके साथ ही पानीपत में भी एक स्मारक बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। बता दें कि पानीपत की तीसरी लड़ाई 1761 में अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली और माराठाओं के बीच लड़ी गई थी, जिसमें माराठाओं को हार का सामना करना पड़ा था।सीएम फडणवीस के द्वारा पानीपत में स्मारक बनाने की बात पर विपक्षी एनसीपी विधायक जितेंद्र आव्हाड ने सवाल उठाया कि पानीपत में स्मारक क्यों बनाया जा रहा है, जहां माराठाओं को हार मिली थी।

# मंत्री प्रतिमा बागरी पर कांग्रेस का बड़ा आरोप

## अनुसूचित जाति वर्ग के प्रमाण पत्र को फर्जी बताया



**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मप्र शासन में राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी का जाति प्रमाण पत्र फर्जी है और उन्होंने अनुसूचित जाति के आरक्षण का गलत तरीके से लाभ उठाया है। अहिरवार ने कहा कि अगर राज्य सरकार इस मामले में कानूनी कार्रवाई कर निष्पक्ष जांच नहीं कराती है कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने कहा कि सतना जिले के रैगांव विधानसभा क्षेत्र, जहां से प्रतिमा बागरी विधायक हैं, वह अनुसूचित जाति (अजा) के लिए आरक्षित है। लेकिन तथ्य यह है कि बुंदेलखंड, महाकौशल और विंध्य क्षेत्र में रहने वाले 'बागरी' जाति के लोग मूल रूप से ठाकुर (राजपूत) समुदाय से आते हैं और अनुसूचित जाति की श्रेणी में नहीं आते। इसके बावजूद, प्रतिमा बागरी एवं इनके परिवार ने प्रशासनिक मिलीभगत से फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाकर आरक्षित सीट से चुनाव लड़ा और मंत्री पद हासिल कर लिया, जो संविधान और सामाजिक न्याय की मूल भावना के खिलाफ है।

अहिरवार ने कहा कि 1961 व 1971 की जाति जनगणना में पन्ना, सतना और सिवनी जिलों में अनुसूचित जाति में शामिल नहीं थी। जाति छानबीन समीति मध्य प्रदेश के 2003 निर्णय एवं 2007 भारत सरकार के राजपत्र के सरकारी आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि राजपूत समुदाय के 'बागरी' जाति के लोग अनुसूचित जाति का लाभ नहीं ले सकते। इसके बावजूद, कुछ लोगों ने फर्जी प्रमाण पत्र बनवाकर सरकारी नौकरियों और चुनावी आरक्षण का दुरुपयोग किया।

# प्रदेश में महिलाओं पर हो रहे अपराध को लेकर महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

**भोपाल।** प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध दुराचार, सामूहिक दुराचार एवं नाबालिग बच्चियों की खरीद फरोख्त की बढ़ती घटनाओं को लेकर कांग्रेस महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ ने मंगलवार को राजधानी में प्रदर्शन किया और सरकार को आईना दिखाने के लिए प्रशासन को आईना भेंट किया। साथ ही तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर महिला अपराध रोकने की मांग की। प्रदर्शन में प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रियंका किरार के नेतृत्व में प्रकोष्ठ की पदाधिकारी और अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे। किरार ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है, मासूम बच्चियां और लाडली बहनें खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। किरार ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के संरक्षण में दुराचारी भाजपा नेता फल-फूल रहे हैं, जिससे प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है।

# विधान परिषद में अचानक राबड़ी पर बरस पड़े सीएम नीतीश

**पटना।** पटना में बिहार विधान परिषद में मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के बीच एक बार फिर तीखी नोकझोंक देखने को मिली। सदन में आरजेडी विधायकों द्वारा पहने गए बैज को देखकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इतने नाराज हो गए कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को सीधा निशाने पर लेते हुए कहा कि पार्टी तुम्हारी नहीं, तुम्हारे पति की है, तुम चुप रहो! दरअसल, आरजेडी के विधान पार्षद हरे रंग के बैज लगाकर सदन में पहुंचे थे। इन बैजों पर लिखा था कि तेजस्वी सरकार ने पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण बढ़ाया था, लेकिन बीजेपी सरकार आते ही उसे छीन लिया गया।

# कल्याण बनर्जी ने केंद्रीय मंत्री को कहा अमीरों का दलाल

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने एक बार फिर से विवादित टिप्पणी करके फंस गए हैं। कल्याण बनर्जी ने मंगलवार को कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर अमीरों के दलाल (बिचौलिया) के रूप में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने पश्चिम बंगाल के लंबित केंद्रीय फंड को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा। बीजेपी ने इस टिप्पणी पर तुरंत पलटवार किया और केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भगीरथ चौधरी ने शिवराज चौहान के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल को लेकर कल्याण बनर्जी से माफी की मांग की।

संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में बनर्जी ने आरोप लगाया कि मनरेगा और पीएम आवास योजना-ग्रामीण जैसी योजनाओं के लिए पश्चिम बंगाल को केंद्र सरकार ने पिछले तीन वर्षों से फंड जारी नहीं किया गया है। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी, राज्य में सरकार बनाने में विफल रहने के कारण, बंगाल के साथ भेदभाव कर रही है।

उन्होंने कहा, शिवराज चौहान अमीरों के दलाल हैं... वह गरीबों के लिए काम नहीं करते, इसलिए उन्हें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया। बनर्जी ने अपने बयान में कई बार दलाल शब्द का इस्तेमाल किया।

मंगलवार को लोकसभा में द्रमुक और तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने मनरेगा योजना के तहत कुछ राज्यों को भुगतान में कथित देरी के खिलाफ प्रदर्शन किया। जिससे प्रश्नकाल के दौरान सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी।

# दिल्ली में पहली बार रु. एक लाख करोड़ का बजट, यमुना के लिए 5 सौ करोड़

## सीएम रेखा बोली-आपने शीश महल बनाये, हम गरीबों का घर बनायेंगे

**नई दिल्ली**



दिल्ली विधानसभा में मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भाजपा सरकार का पहला बजट पेश किया है। विधानसभा में वर्ष 2025-2026 के लिए एक लाख करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। बजट के दौरान सीएम ने इस बार बजट में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, साफ पानी, स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण जैसे प्रमुख मुद्दों पर ज्यादा जोर दिया है। बीते कई सालों से दिल्ली में हर साल प्रदूषण को लेकर लोग ज्यादा परेशान और सरकार चिंतित रहती है।

सरकार ने बजट में दिल्ली के पर्यावरण और प्रदूषण को लेकर सतर्क दिख रही है। मुख्यमंत्री ने 506 करोड़ रुपए की मदद पर्यावरण को सुधारने के लिए आवंटित किए हैं तो वहीं दूसरी तरफ 300 करोड़ रुपये प्रदूषण से निजात के लिए आवंटित किए। बजट में बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रदूषण नियंत्रण पर जोर रहा है। एयर क्वालिटी को सुधारने के लिए प्रदूषण मॉनिटरिंग सिस्टम और ग्रीन कवर बढ़ाने पर जोर दिया गया है। आगे कहा कि हमारी सरकार दिल्ली में क्लाइमेट चेंज एयर क्वालिटी पर काम करेगी।

सीएम गुप्ता ने बजट के दौरान कहा कि इस बार के बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमारा फोकस रहेगा। ये दिन दिल्ली के लिए ऐतिहासिक है। दिल्ली की नई सरकार ऐतिहासिक जनादेश के साथ आई है और उसी के आधार पर काम करेगी। पीएम मोदी ने दिल्लीवालों से साफ यमुना का वादा किया है। वो हम पूरा करेंगी। सीएम ने कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार ने बजट के लिए जनता से सुझाव मांगे थे, जिसमें ईमेल और व्हाट्सएप के जरिए 10,000 से ज्यादा सुझाव मिले। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि बीते 10 सालों में विकास के हर पैमाने पर दिल्ली पिछड़ी है। चाहे वो यमुना की सफाई हो या स्वास्थ्य सुविधाओं और वायु प्रदूषण का मुद्दा हो, पिछली सरकार ने कोई काम नहीं किया। पिछली सरकार की नीतियों की वजह से जनता त्रस्त रही थी। पिछली सरकार विकास के हर पहलू पर फेल रही थी। दिल्ली में यमुना गंदी थी, सड़कें क्षतिग्रस्त थीं, वायु प्रदूषण बहुत अधिक था। जिससे लोगों को कई परेशानियां हुईं। दिल्ली जल बोर्ड, डीटीसी घाटे में थे। गंदा पानी और ओवरफ्लो सीवर से लोग परेशान थे। यहीं दिल्ली की पहचान बन गए।

# अंतर्राज्यीय बस स्टैंड बैढ़न में धू-धू कर जली दो यात्री बसें

**विजय बस के अंदर सो रहे खलासी की मौत, किसी तरह से चालक व परिचालक ने बचाई जान, बस स्टैंड में पुलिसिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था का अभाव**

**सिंगरौली।** कोतवाली थाना के नाक के नीचे जिला मुख्यालय बैढ़न शहर के मध्य स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टैंड में खड़ी दो यात्री बसों में सोमवार-मंगलवार की मध्य रात्रि 12ः20 बजे अज्ञात कारण से आग लग जाने की घटना में जहां एक खलासी की जलकर दर्दनाक मौत हो गयी। वही दोनों बस जलकर खाक हो गयी। आगजनी की घटना के बाद पूरे बस स्टैंड सहित आसपास के क्षेत्रों में खलबली मच गयी।

स्थानीय जनों की सूचना पहुंचे तीन दमकल गाड़ियां जब तक आग पर काबू पाते तब तक बसें जल कर खाक हो गयी। बाद में कोतवाली व विन्ध्यनगर की पहुंची पुलिस टीम ने बसों के आग को बुझवाकर कोतवाली के पास जनपद कार्यालय बैढ़न के प्रांगढ़ में ले जाकर खड़ा करा दी। घटना की जानकारी में नगर पुलिस अधीक्षक के जारी वीडियों में बताया गया कि विजय बस क्रमांक सीजी 30 ई 0811 जो बैढ़न से सुबह 7 बजे रामानुजगंज छत्तीसगढ़ व वहा से वापसी कर बैढ़न बस स्टैंड में रात 8ः30 बजे पहुंचती है। घटना दिवस सोमवार को भी अपने निर्धारित समय पर विजय बस बस स्टैंड में पहुंच कर सुलभ शौचालय के पास खड़ी थी कि देर रात्रि 12ः20 बजे अचानक विजय बस में आग धधकने लगी। बस के अंदर सो रहे चालक, परिचालक काशी पटेल व खलासी हरिश पनिका कुछ समझ पाते उससे पहले आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बस धू-धू कर जलने लगी। बस के अंदर आगे तरफ सो रहे परिचालक काशी पटेल व पीछे तरफ सो रहे चालक जाहिद खान ने किसी तरह से बस से खुद कर अपनी-अपनी जान बचा ली, लेकिन बस के बीच में कहीं पर गहरी नींद में सो रहा खलासी मृतक हरीश पनिका पुत्र स्व लच्छन धारी उम्र 25 निवासी रामनगर थाना बसंतपुर जिला बलरामपुर छत्तीसगढ़ अपने आप को बचा नही पाया और जब तक दमकल गाड़ियां पहुंची। उससे पहले खलासी की जलने से दर्दनाक मौत हो गयी। आगजनी की इस घटना में विजय बस के बगल में खड़ी सिद्दीकी बस क्रमांक एमपी 17 पी 1277 भी चपेट में आ गयी और जल गयी। बताया गया कि यह बस सिद्दीकी बस मालिक का अतिरिक्त बस था जो बस स्टैंड में घटना ग्रस्त विजय बस के बगल में सटी हुई खड़ी थी जो जल गयी। नगर पुलिस अधीक्षक के अनुसार रात्रि



में ही बस की आग को बुझाकर बसों को जनपद कार्यालय प्रांगढ़ में खड़ी करा दी गयी और स्थानीय व प्रत्यक्ष दर्शीयों के बयान के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ आगजनी का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गयी है और शव का पी एम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं ऊर्जांचल परिवहन श्रमिक संघ के अध्यक्ष भगवान दास गुप्ता व सचिव हीरो पाण्डेय के अनुसार तत्कालीन एसपी इरशाद वली के कार्यकाल में बस स्टैंड की सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चौकी की स्थापना की गयी थी, लेकिन उनके जाने के बाद चौकी को हटा दिया गया। जिसके बाद बस स्टैंड में पूरी रात आपराधिक प्रवृति के लोगों का पूरी रात मूवेंट होता रहता है। बताया गया कि बस स्टैंड की सुरक्षा के लिए कई बार एसपी व डीएम सिंगरौली को ज्ञापन दिया गया, लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नही दिया।

### मृतक खलासी था अपने घर का इकलौता चिराग था जो बुझ गया

सूचना के बाद कोतवाली में शव लेने पहुंचे मृतक के चाचा शिवधारी ने बताया कि मृतक हरीश पनिका चार भाई-बहनों में इकलौता भाई था और हरीश के माता-पिता का निधन बहुत पहले ही हो चुका है। अब हरीश के दिवंगत होने के बाद उसके घर का इकलौता चिराग भी बुझ गया। मृतक के चाचा ने बताया कि हरीश की अभी शादी नही हुई थी, लेकिन उसके तीनों बहनों की शादी हो चुकी है। हरीश अपने घर में अकेले रहता था और बस में खलासी की नौकरी कर अपना-अपना जीविका पार्जन कर रहा था। चाचा शिवधारी ने बताया की चाचा, बड़े पिता मिलाकर बड़ा परिवार है, लेकिन मेरे भाई स्व लच्छनधारी का आगे का वंश समाप्त हो गया।

### आगजनी की घटना पर अलग-अलग संभावनाएं

जिले के सबसे व्यस्ततम अंतर्राज्यीय बस स्टैंड में दो बसों में अचानक आग लगने की घटना पर स्थानीय लोग अलग-अलग संभावनाएं जता रहे हैं। संभवनाओं के अनुसार बस के अंदर चालक, परिचालक व खलासी ने शराब व धुम्रपान आदि के साथ पार्टी की थी। सम्भवतः धुम्रपान की वजह से आग लगी हो, जबकि दूसरी सम्भावना में पुलिस के साथ स्थानीय जनमान रहे है कि मच्छरों से बचने के लिए मार्टिन जलायें होंगे जो आगजनी का बड़ा कारण हो सकता है। बरहाल पुलिस अज्ञात कारण मानकर मामला दर्ज कर दूसरे पहलुओं पर पड़ताल करने की बात कह रही है।

### अंतर्राज्यीय बस स्टैंड असुरक्षित

कोतवाली के नाक के नीचे मौजूद बस स्टैंड में सुरक्षा का आभाव है। पुलिस के लचर कार्य प्रणाली की वजह से बस स्टैंड अराजक तत्वों का 24 घंटे जमावड़ा रहता है। स्थानीय दुकानदारों की माने तो पूरी रात बस स्टैंड में शराब, गांजा व अन्य नशे के नशेड़ियों के जमावड़ा के साथ मनचलो व आपराधिक प्रवृति के लोग बस स्टैंड में जमे रहते हैं। बस स्टैंड में रात्रि 11ः30 बजे तक यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है ,लेकिन मजाल है सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस एकात बार भी रात्रि गस्त लगाए।

### विधायक ने 4 लाख का आर्थिक सहायता का दिया आश्वासन

बस आगजनी की घटना में दिवंगत हरीश पनिका के आर्थिक मदद के लिए सदर विधायक राम निवास शाह ने डीएम सिंगरौली से बात करके मृतक के परिजनों को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया है। उधर बस मालिक रमाकांत गुप्ता ने भी अपने स्तर से बैढ़न से शव रामनगर ले जाने का वाहन व्यवस्था व दाह संस्कार के लिए तत्काल आर्थिक मदद की है।

## दो हल्को के पटवारी के ऊपर गिरी गाज, कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने किया निलंबित

**मामला हल्का पटवारी उज्जैनी और पचौर का**



**सिंगरौली।** बंधा नॉर्थ कोल ब्लॉक की नीलामी के बाद जिला प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्र में बटवारा नामांतरण और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। बावजूद इसके पटवारी पैसों के खातिर कलेक्टर के आदेश को दरकिनार कर बाहरी लोगों द्वारा खरीदी गई जमीन का सीमांकन बटवारा करने में लगे हैं। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर स्थानीय लोगों ने वायरल कर दिया। वायरल वीडियो देख कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने पटवारी रामायण प्रसाद अग्रहरि को निलंबित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार हल्का पटवारी उज्जैनी और पचौर के पटवारी रामायण प्रसाद अग्रहरि बाहरी लोगों द्वारा खरीदी गई जमीन का सीमांकन प्रतिबंध के बाद भी कर रहे थे। पटवारी का सीमांकन करते हुए स्थानीय लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में ग्रामीण कहते नजर आ रहे हैं कि कई महीनों से जमीन का सीमांकन और बटवारा के लिए आवेदन किए हैं लेकिन पटवारी ग्रामीणों का काम नहीं कर रहें। पटवारी ग्रामीणों की जमीन के सीमांकन और नामांतरण के लिए प्रतिबंध की बात करते हैं जबकि बाहरी लोगों से 10 से 20 हजार रुपए लेकर उनका सीमांकन कर रहे हैं। इस दौरान पटवारी से ग्रामीण सवाल भी करते हैं। लेकिन पटवारी सवाल सुनकर वहां से दुम दबाकर भागते नजर आ रहे हैं। पटवारी रामायण प्रसाद अग्रहरि पटवारी हल्का पचौर अतिरिक्त प्रभार राजस्व निरीक्षक वृत्त उज्जैनी को कलेक्टर के निर्देश पर उपखंड अधिकारी देवसर ने शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इस दौरान निलंबन अवधि में पटवारी को जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी। निलंबन अवधि में मुख्यालय उपखण्ड कार्यालय देवसर अटैच किया गया है। वहीं पटवारी हल्का पचौर का अतिरिक्त प्रभार पटवारी हल्का दादर विश्वनाथ प्रताप सिंह परिहार को जबकि राजस्व निरीक्षक वृत्त उज्जैनी का दायित्व सुरेश प्रसाद साहू पटवारी हल्का ओबरी को आदेश जारी किया गया है।

## गांजे की खेप पर पुलिस की दबिश, 550 ग्राम बरामद

**उज्जैनी से खरीदा था गांजा, विक्रय के लिए ले जा रहा था ठिकाने पर, दो गिरफ्तार**



**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बरगवां पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दो लोगों को क्षेत्र में नशे के तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की है। वही इस प्रकरण में एक अन्य आरोपी की भी तलाश जारी है। मिली जानकारी अनुसार एसपी अभिषेक रंजन व अनुविभागीय अधिकारी केके पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बरगवां राकेश साहू ने मुखबिर की सूचना के तहत कार्यवाही करते हुए टीम गठित की। जिनके द्वारा चेकिंग लगाकर हर संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी। तभी पचौर मेन रोड बरगवां में सफेद रंग की मारुती बलेनो कार क्रमांक एमपी 66 सी 9464 को रोका गया। बताया जाता है कि उसमें चालक आशीष कुमार बैस पिता अशोक प्रसाद उम्र 28 वर्ष निवासी बंधा बरगवां एवं साथ में बैठे एक अन्य व्यक्ति अरविन्द बैस पिता केशरी प्रसाद उम्र 26 वर्ष निवासी बन्धा बरगवां बैठा था। जिनके वाहन के सामने के डेश बोर्ड में 550 ग्राम गांजा पाया गया। वाहन चालक ने शराब का भी सेवन कर रखा था। उक्त आरोपीगण के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट एवं 18 51/177 मोटर यान अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। आरोपीगण से पूछताछ पर उक्त मादक पदार्थ गांजा के राधेश्याम जायसवाल निवासी उज्जैनी से 6500 रूपये में खरीदकर लाना बताया। पुलिस अब आरोपी राधेश्याम जायसवाल की तलास कर रही है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक राकेश साहू, उनि शेषनारायण दुबे, सउनि विशेषर साकेत, सउनि विजय पटेल, प्रआर संजय यादव, आर अरविन्द यादव, कौशलेन्द्र सिंह सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण टीम पहुंची सिंगरौली, अधिकारी जाहिर कर रहें अनभिज्ञता

**कहां खोए हुए हैं अधिकारी, करोड़ों खर्च के बाद भी नालियों का घुट रहा दम**

**सिंगरौली।** कचरें से नालियां और खाली पड़े प्लाट पटे हुए हैं। करोड़ों खर्च करने के बाद भी कचरें से नालियों का दम घुट रहा है। केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण टीम के आने वाली है। इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारी साफ-सफाई को लेकर कितने गंभीर हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्हें शहर में हो रहे स्वच्छता सर्वेक्षण की कोई जानकारी ही नही है। जिसके चलते शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।

वही नगर निगम के वार्ड क्रमांक 2 और वार्ड क्र. 6 में करीब 300 घरों में आज भी शौचालय नही बना है, लेकिन नगर निगम ओडिएफ घोषित कर दिया है। जब अधिकारियों से सर्वेक्षण टीम के निरीक्षण के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि उन्हें जानकारी ही नही है। हालात भी अधिकारियों की बातों



पर मुहर लगा रहे हैं। अगर केंद्रीय सर्वेक्षण टीम आने की जानकारी होती तो वे शहर में लगे कूड़े के ढेरों को साफ करवा देते। हालांकि दावा किया जा रहा है कि तीन सदस्यीय सर्वेक्षण टीम जिले में पहुंच चुकी है और एक निजी होटल में रुक कर स्वच्छता सर्वेक्षण कर रही है। नगर निगम में जमीन स्तर पर साफ-सफाई नही की है और ना ही कचरें का निस्तारण किया गया है। साथ सर्वेक्षण टीम को उन्ही स्थानों पर ले जाया जाएगा। जहां हाल ही में साफ -सफाई कराई गई है या फिर एनटीपीसी के वार्डो में घुमाया जाएगा। सूत्रों की माने तो सर्वेक्षण टीम को ननि के अधिकारी और सिटाडेल प्रबंधन मैनेज करने में जुटा है। निगम अधिकारी अपने लोगों से ही फीडबैक दिलवाने की तैयारी में है।

### मुहेर में सैकड़ों घरों में नही बना है शौचालय

नगर निगम को प्रशासन ने कागजों पर खुले में शौच से मुक्ति दिया है। हकीकत गांव के लोग सुबह डिब्बा लेकर शौच के लिए खुले मैदानों में आसानी से देखने को मिल जाते हैं। वार्ड क्रमांक 2 मुहेर में आज भी सैकड़ों घर ऐसे हैं। जहां शौचालय नही बना है। जबकि कई आधे-अधूरे बने शौचालय कहानी खुद बया कर रहे हैं। किसी-किसी शौचालय में तो दरवाजा लगा ही नही है और जिन शौचालयों में दरवाजा लगा भी है तो वहा के गड्ढे खोदकर छोड़ दिया गया हैं। सरकारी दावे झूठे साबित हुए। बार-बार शौचालय बनाने के लिए पार्षद सहित अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा जाता हैं। परंतु कोई सुनवाई नही हो रही।

### कचरें और पॉलिथीन से आमजन का घुट रहा दम

नगर निगम में कचरें और पॉलिथीन से नालियों सहित आमजन का दम घुट रहा है। शहर के सभी नालियां कचरें से पटी है। जिनकी सफाई करने पर करोड़ों रुपए खर्च होने के अनुमान है। प्रतिबंध के बावजूद शहर में खुलेआम पॉलिथीन का उपयोग और बिक्री किया जा रहा है। सब्जी, फल, किराना सामान, मांस-मछली से लेकर मेडिकल की दुकानों तक में अमानक पॉलिथीन ग्राहकों को दिए जा रहे हैं। पॉलीथीन पर रोक के प्रति प्रशासन की उदासीनता शहरवासियों के लिए आने वाले बरसात में सिरदर्द साबित हो सकता है।

### ननि के अतिक्रमण अधिकारी होंगे डीके सिंह

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा कार्यालयीन कार्य व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए सहायक यंत्री डीके सिंह को अतिक्रमण अधिकारी के साथ-साथ कर्मचारियों के आवास आवंटन संबंधी कार्यों को प्रभार सौपा गया। सहायकयंत्री अग्रीम आदेश तक अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ उपरोक्त कार्यों को भी सम्पादित करेंगे।

## एएसपी ने साप्ताहिक जनरल परेड का किया निरीक्षण

**सिंगरौली।** आज दिन मंगलवार को नवनियुक्त एएसपी अभिषेक रंजन ने पुलिस लाईन पचौर में साप्ताहिक जनरल परेड का विस्तृत निरीक्षण किया। प्रातः 8 बजे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का पुलिस लाईन पचौर में आगमन हुआ।

जनरल परेड के दौरान सर्वप्रथम परेड की सलामी दी गई। तत्पश्चात प्लाटूनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एएसपी द्वारा उत्तम वेशभूषा,



टर्न आउट के लिये अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशंसा एवं ईनाम दिये गये। इसके बाद मार्च पास्ट करते हुये सलामी दी गई। इसी क्रम में वाहनों का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात एसपी नें पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों कि समस्यायों को गंभीरतापूर्वक सुना एवं त्वरित निराकरण की कार्यवाही की गई और पुलिस लाईन के प्रधान लेखक कक्ष, शस्त्रागार शाखा, स्टोर शाखा व वाहन शाखा का निरीक्षण किया गया। जनरल परेड में रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान, पुलिस अधीक्षक, पुलिस लाईन एवं थाना चौकी क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित की गई जनसुनवाई

**राजपत्रित अधिकारी पुलिस थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों को कार्यवाही के दिए निर्देश**

**सिंगरौली।** आज दिन मंगलवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस जनसुनवाई में एएसपी अभिषेक रंजन, सीएसपी विंध्यनगर पीएस परस्ते, थाना प्रभारी नवानगर ज्ञानेन्द्र सिंह, उनि रुपा अग्निहोत्री, थाना बैढ़न सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत की। पुलिस



अधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। जबकि शेष प्रकरणों में वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए राजपत्रित अधिकारी पुलिस थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। महिला फरियादियों की शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनकी काउंसलिंग कराई गई। साथ ही उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। सिंगरौली पुलिस आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगी।

## कांग्रेस की बैठक चितरंगी में आज

**सिंगरौली।** पूर्व विधायक सरस्वती सिंह के चितरंगी निवास पर कल 26 मार्च को शाम 4 बजे बैठक आयोजित की गई है। जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी, अजय सिंह राहुल, कमलेश्वर पटेल के 28 मार्च को सिंगरौली आगमन को लेकर तैयारी बैठक आयोजित की गई है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चितरंगी के अध्यक्ष संकठा सिंह बबलू ने पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, समस्त संगठन मंत्री, समस्त मंडलम अध्यक्ष, समस्त सेक्टर अध्यक्ष एवं समस्त प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस जनों की उपस्थिति के लिए अपील किया गया है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)

//निविदा सूचना//

क्रमांक-544/ई-टेंडर/न.पा.नि./2025 रीवा, दिनांक 24-03-2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_411643_1 24.03.2025 [FIRST CALL] 536/24.03.2025 | जोन क्रमांक-02 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-07 में सिविल लाइन परिसर में RCC नाली निर्माण का कार्य। | 06 माह ₹94.99 लाख | ₹10000.00 ₹71243.00 | 25.04.2025 18:00 बजे तक। |
| 2. | 2025_UAD_411644_1 24.03.2025 [FIRST CALL] 537/24.03.2025 | जोन क्रमांक-02 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-17 एवं 18 के मध्य रसिया मोहल्ला से कॉलेज चौराहा तक डिवाइडर निर्माण एवं म्यूरल्स लगाने का कार्य। | 04 माह ₹38.02 लाख | ₹5000.00 ₹28515.00 | 25.04.2025 18:00 बजे तक। |
| 3. | 2025_UAD_411645_1 24.03.2025 [FIRST CALL] 538/24.03.2025 | जोन क्रमांक-02 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-21 में श्रीमती मंजू निगम के घर से श्री दीपक निगम के घर तक एवं श्री राजकुमार प्रधान के घर से श्री रमेश सोनी के घर तक RCC कवर नाली निर्माण का कार्य। | 03 माह ₹18.14 लाख | ₹2000.00 ₹13605.00 | 25.04.2025 18:00 बजे तक। |
| 4. | 2025_UAD_411646_1 24.03.2025 [FIRST CALL] 539/24.03.2025 | जोन क्रमांक-04 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-26 में श्री रामनरेश सिंह के घर से श्री सुरेन्द्र उपाध्याय के घर तक ललपा में RCC नाली एवं सड़क निर्माण का कार्य। | 03 माह ₹17.19 लाख | ₹2000.00 ₹12893.00 | 25.04.2025 18:00 बजे तक। |
| 5. | 2025_UAD_411647_1 24.03.2025 [FIRST CALL] 540/24.03.2025 | जोन क्रमांक-04 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-28 में विहारी टायर से पूर्व पार्षद श्रीमती दसमतिया साकेत के घर तक एवं श्री विनोद दरोगा के घर तक RCC नाली एवं सड़क निर्माण का कार्य। | 03 माह ₹20.48 लाख | ₹5000.00 ₹15360.00 | 25.04.2025 18:00 बजे तक। |
| 6. | 2025_UAD_411648_1 24.03.2025 [FIRST CALL] 541/24.03.2025 | जोन क्रमांक-04 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-39 में किला मेन रोड से श्री गंगू के घर से नारायण चक्की रोड एवं श्री शाहिद खान के घर से श्री रज्जाक के घर तक RCC नाली एवं सड़क निर्माण का कार्य। | 03 माह ₹10.92 लाख | ₹2000.00 ₹8190.00 | 25.04.2025 18:00 बजे तक। |
| 7. | 2025_UAD_411649_1 24.03.2025 [FIRST CALL] 542/24.03.2025 | जोन क्रमांक-04 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-39 में श्री शारदा चतुर्वेदी जेलर साहब के घर से श्री मनमोहन सिंह एवं श्री सरदार सिंह के घर तक RCC नाली निर्माण एवं सड़क नवीनीकरण का कार्य। | 03 माह ₹16.69 लाख | ₹2000.00 ₹12518.00 | 25.04.2025 18:00 बजे तक। |
| 8. | 2025_UAD_411650_1 24.03.2025 [FIRST CALL] 543/24.03.2025 | जोन क्रमांक-04 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-45 में श्री बालमीक कुशवाहा के घर से संजीवनी क्लीनिक होते हुए गोविंदगढ़ मुख्य मार्ग तक RCC सड़क निर्माण का कार्य। | 03 माह ₹25.35 लाख | ₹5000.00 ₹19013.00 | 25.04.2025 18:00 बजे तक। |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री ( जोन क्र.02, 04 )
नगर पालिक निगम
रीवा ( म.प्र. )

# जनसुनवाई में एसडीएम ने सुनी 175 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

## समस्या का त्वरित निराकरण होने पर रंगीले कोल खुश और संतुष्ट दिखे





**सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 175 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। ह्यजनसुनवाई में जनपद पंचायत सिहावल के ग्राम बढ़ौरा से आये रंगीले कोल ने अपने आवेदन पत्र के माध्यम से बताया कि उनका एक पैर आधा कटा हुआ है जिसके कारण चल नहीं पाते यदि ट्राइसाइकिल मिल जाए तो समस्या का निराकरण हो जाये। एसडीएम ने शिकायत का तत्काल निराकरण सामाजिक न्याय विभाग से कराया। साथ ही उनकी शारीरिक की स्थिति को देखते हुए रंगीले कोल को ट्राई साइकिल प्रदान कराई। आज समस्या का त्वरित निराकरण होने पर रंगीले कोल खुश और संतुष्ट दिखे। रंगीले कोल ने कहा कि जनसुनवाई में पहुंचने पर व्हीलचेयर से एसडीएम के पास ले जाया गया। हमारी समस्या को गंभीरता से सुना गयाऔर तत्काल निराकरण कराया इसके लिए मैं उनका धन्यवाद देता हूं।

इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

## प्रियंका केवट ने खेलो इंडिया वूशु वूमेंस नेशनल सीनियर लीग में ब्रोंज मेडल जीता




**सीधी।** सीधी जिले की प्रियंका केवट ने बिलासपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया वूशु वूमेंस नेशनल लीग सीनियर में 45 किलो ग्राम में ब्रोंज मेडल जीता है। इसके पहले एथेंस ग्रीस इंटरनेशनल में सिल्वर मेडल जीता था। पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अरविंद श्रीवास्तव तथा जिला खेल प्रशिक्षक मनिंदर शेर अली खान ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

### निर्धनता से संपन्नता तक का सफर

# प्रेमवती कुशवाहा लखपती क्लब में शामिल



सीधी। जिला सीधी विकासखण्ड मझौली के ग्राम सरैहा की रहने वाली प्रेमवती कुशवाहा के पास आय का कोई संवहनीय स्त्रोत नहीं होने के कारण उनका एवं उनके परिवार का जीवन-यापन बड़ी कठिनाई से हो रहा था। यह कहानी उनकी समूह में जुड़ने से पहले की है। इसी दौरान उनके ग्राम में आजीविका मिशन द्वारा समूह गठन का कार्य प्रारम्भ किया गया। समूह क्या है, समूह में क्यों जुड़े एवं समूह से जुड़ने के क्या फायदे है। यह सब बाते आजीविका मिशन के स्टॉफ से समझने के बाद वह मॉ शारदे स्व सहायता समूह से जुड़ी एवं छोटी-छोटी बचत एवं लेन-देन सीखा। इसके बाद समूह से पहली बार में राशि 50 हजार रुपये राशि लेकर व्यवसायिक सब्जी उत्पादन, फलदार पौधों का वृक्षारोपण गतिविधियॉं प्रारम्भ की, जिससे उनको कुछ अच्छी आमदनी होने लगी और उनके प्राप्त आमदनी से समूह से लिये ऋण को ब्याज सहित वापस कर दिया।

उनके पति के पास कोई काम नही था जिसके लिए उन्होने समूह से पुनः राशि एक लाख रुपये का ऋण लेकर आयरन बिल्डिंग मशीन वर्क्स की दुकान मझौली में खुलवाई। जिससे उनके पति को एक पूर्वकालिक रोजगार मिल गया और परिवार की आमदनी और बढ़ गयी। आज उनके बच्चे अच्छी विद्यालय व कॉलेज में अध्ययनरत है तथा उनकी मासिक आमदनी राशि 12 हजार से 15 हजार रुपये हो रही है। आज प्रेमवती कुशवाहा लखपति दीदी में शामिल हो गयी है व कहती है कि यह सब आजीविका मिशन की देन है।

# बोर्ड परीक्षा समाप्त, जिले में शांति पूर्वक आयोजित हुई परीक्षा

## जिले में बनाए गए थे 66 परीक्षा केंद्र, परीक्षा में पहली बार कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ

**सीधी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा 25 फरवरी से प्रारंभ हुई और 25 मार्च को कक्षा 12 वी के गणित विषय के साथ समाप्त हुई। कक्षा 12वीं के गणित विषय में दर्ज 982 परीक्षार्थियों में से 977 विद्यार्थी उपस्थित रहे 5 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

कलेक्टर स्वरोचित सोमवंशी ने गठित किये थे 16 पैनल दल

कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा परीक्षा की सुचिता बनाये रखने के लिए 16 पैनल दल गठित किया गया था। 20 संवेदनशील केंद्र में जिला अधिकारियों की ड्यूटी अलग से लगाई गई थी। पैनल दल द्वारा समस्त 66 परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया गया। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में सतत भ्रमण करते रहे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री पवन सिंह ने बताया कि कलेक्टर महोदय के निर्देशन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज के मार्गदर्शन में बोर्ड परीक्षा सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। पुलिस प्रशासन द्वारा सभी 66 केंद्रों में सुरक्षा प्रदान की गई।

जिला शिक्षा अधिकारी ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और सीईओ जिला पंचायत के प्रति आभार व्यक्त किया है। परीक्षा कार्य से जुड़े समस्त केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष, कलेक्टर प्रतिनिधि, शिक्षकों को भी बोर्ड के निर्देशानुसार परीक्षा संचालित कराए जाने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया है। कंट्रोल रूम प्रभारी रामकृष्ण तिवारी, एमआईएस प्रशासक विजय सिंह परीक्षा प्रभारी लाल बहादुर सिंह, परीक्षा कंट्रोल रूम में जुड़े समस्त शिक्षकों के सहयोग के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने बहुत-बहुत आभार एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है। बोर्ड परीक्षा से जुड़े प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष समस्त कर्मचारियों, अधिकारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।

# बाल कल्याण समिति ने बालिका खुला आश्रय गृह का निरीक्षण किया



**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय सिंगरौली स्थित किशोर न्याय अधिनियम 2015 अंतर्गत इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा संचालित बालिका खुला आश्रय गृह का औचक निरीक्षण महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला बाल संरक्षण अधिकारी नीरज शर्मा एवं नवगठित बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. आरडी पाण्डेय एवं सदस्यों ने किया । जिसका उद्देश्य देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लेना है। ताकि बच्चों को सुरक्षित और बेहतर माहौल मिल सके । इस आश्रय गृह में बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और मनोरंजन के साथ-साथ रोजगार और कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाता है ।

आश्रय गृह में निरीक्षण के दौरान मौके पर संस्था में सभी बालिकाएं उपस्थित पाई गयी। जिसमें से कुछ बच्चे कम्प्यूटर चला रहे थे, कुछ पेंटिंग तथा अधिकांश बालिका पढ़ाई कक्ष में पढ़ाई कर रही थी। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा आश्रय गृह के बच्चों के साथ बैठकर उनसे शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद व आश्रय गृह की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर उन्हें शिक्षा द्वारा जीवन के चहुंमुखी विकास के लिए प्रेरित किया। समिति के सदस्यों ने संस्था द्वारा संधारित विभिन्न प्रकार के पंजीयन का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया तथा निरीक्षण के दौरान समिति ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों को बहुत ही सराहना व्यक्त किया और प्रशिक्षण के उपरांत बालिकाओं में हो रहे सुधार को संतोषप्रद पाया । सभी सदस्यों द्वारा बालिकाओं का शैक्षणिक स्तर के बारे में जानकारी प्राप्त कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान किया गया । खुला आश्रय गृह के निरीक्षण के दौरान बाल कल्याण समिति के सदस्य देवधर प्रसाद शर्मा, पूनम मिश्रा, रीना सिंह परिहार, पूनम त्रिपाठी एवं पोक्सो रिसोर्स पर्सन विनोद सिंह परिहार उपस्थित रहे । इसके साथ ही खुला आश्रय गृह के समन्वयक शिरीन एवं अन्य कार्यरत कर्मी मौजूद रहे ।

# मध्य रात्रि को शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर हुई कार्यवाही

सिंगरौली



मध्यरात्रि को औचक चेकिंग लगाया जाकर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग की गई। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत 24-25 को मध्य रात्रि में अलग-अलग टीम लगाया जाकर शहर के निगाही मोड़, अमलोरी तिराहा एवं पुराना ट्रैफिक तिराहा पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान लगभग 52 वाहनों को चेक किया गया एवं समझाईश दी गई कि शराब या अन्य कोई मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने से मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है एवं वाहन पर समुचित नियंत्रण नही हो पाता जिस कारण से दुर्घटना हो जाती है। 4 ट्रक, 1 बस एवं 1 दो पहिया कुल 6 वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर वाहनों को जप्त कर निराकरण के लिए न्यायालय पेश किया जाएगा। वाहन चालकों का लाइसेंस निलंबन कराया जाएगा। न्यायालय के आदेशानुसार 6 महीने के लिए वाहन ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन कराए जाने के लिए प्रस्ताव संबंधित जिला परिवहन कार्यालय में भेजा जाएगा। सिंगरौली पुलिस अपील करती है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं यातायात नियमों का पालन करें। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी यातायात, सउनि सवालिया रावत, प्रआर उमेश बागरी, आर रुपेश एवं आर प्रवेश तिवारी सहित अन्य यातायात पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

## महिला के साथ सामूहिक दुराचार, दो आरोपी गिरफ्तार

**सिंगरौली।** चितरंगी थाना क्षेत्र के ग्राम बगैया के दो आरोपियों ने 19 मार्च की रात में घर से बाहर शौच निकली एक महिला के साथ गैंगरेप किया है। यह घटना बगैया गांव के सीमावर्ती खोखवा गांव का मामला है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बगैया गांव के आरोपी मनमोहन बैगा एवं सिपाही लाल सिंह गोड़ 19 मार्च की रात में पडोस की गांव गये हुये थे। जहां एक महिला को निशाना बनाया था। महिला जैसे ही शैच के लिए घर से निकली कि दोनों आरोपियों ने 25 वर्षीय महिला को दबोचते हुये गैंगरेप किया और किसी तरह महिला आरोपियों के चंगुल से बाहर निकली तो अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी।

# एनसीएल गोरबी ने नौढ़िया में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन




**सिंगरौली।** भारत की मिनीरत्न कंपनी एनसीएल की ब्लॉक-बी परियोजना ने सीएसआर के तहत ग्राम पंचायत नौढ़िया में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में नेहरू शताब्दी चिकित्सालय एनएससी, जयंत एवं ब्लॉक बी परियोजना से चिकित्सकों की टीम के द्वारा उपस्थित लोगों के हड्डी रोग, स्त्री रोग, बाल रोग एवं समान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के आधार पर जांच की गयी। शिविर के दौरान 500 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इसके अतिरिक्त शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण भी किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक ब्लॉक-बी केडी जैन, कल्याणी महिला समिति अध्यक्षा, सुनीता जैन सहित परियोजना से अन्य अधिकारी व कर्मचारी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने अवैध रेत का परिवहन करते 2 ट्रैक्टरों को किया जप्त



**सिंगरौली।** बरगवां पुलिस ने क्षेत्र में चल रहे अवैध कार्यों पर लगाम लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करते हुए रेत से लदे दो ट्रैक्टरों पर कार्यवाही करते हुए मामला पंजीबद्ध कर ट्रैक्टरों को जप्त किया है। बताया जाता है कि यह दोनों ट्रैक्टर से अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार पुलिस को बीते दिन मुखबिर से सूचना मिली कि थाना बरगवां क्षेत्र में ग्राम पचौर एवं भलुगढ़-गोदवाली में ट्रैक्टरों की ट्राली में अवैध रेत उत्खनन कर बिक्री के लिए परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर दो अलग-अलग टीम गठित कर ग्राम गोदवाली भलुगढ़ में आईशर ट्रैक्टर क्रमांक यूपी 64 जेड 2298 ट्राली में तथा ग्राम पचौर में बिना नम्बर के पावरट्रेक 439 आरडीएक्स की ट्राली में अवैध रेत पाये जाने से जप्त किये जाकर ट्रैक्टर चालको के विरुद्ध धारा 303 (2), 317 (5)बीएनएस, 4/21 खान अधिनियम एवं 18 (1) अवैध खनिज परिवहन भण्डारण निवारण अधिनियम 2006 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक राकेश साहू, उनि शेषनारायण दुबे, सउनि विशेषर प्रसाद, विजय पटेल, प्रआर उमेश विश्वकर्मा, संजय यादव, आर अरविंद यादव, शिवराज सिंह, कौशलेन्द्र सिंह रावत, अरुणेन्द्र मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## निजी विद्यालयों की फीस वृद्धि, एकल विंडो गणवेश, पुस्तक विक्रय सहित सेप्टी ऑडिट जॉच हेतु कलेक्टर ने किया दल गठित

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा निजी विद्यालयों द्वारा अत्यधिक फीस वृद्धि, बुक स्टोर के माध्यम से एकल विंडो पद्धति के द्वारा बुक, ड्रेस विक्रय, छात्रों के साथ भेदभाव होने शारीरिक मानसिक उत्पीड़न को दृष्टिगत रखते हुये। साथ निजी विद्यालयों द्वारा की गई फीस वृद्धि, एनसीईआरटी के अतिरिक्त निजी प्रकाशकों कि किताबों की ब्रिकी और एक ही स्थान से ड्रेस और अन्य स्ट्रेशनरी खरीदने का दवाब बनाया जाने, छात्रों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न होना एवं शारीरिक मानसिक उत्पीड़न प्रतिषेध किया जाने, विद्यालय परिसर का क्षेत्रफल, वार्षिक ऑडिट, सेप्टी ऑडिट, इत्यादि आवश्यक अन्य बिन्दुओं से संबंधित आकस्मिक निरीक्षण हेतु जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर दल गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है।

# बंधा, कुंदा, पचौर के मामले को लेकर कलेक्टर से आप पार्टी ने की मुलाकात



**सिंगरौली।** आप पार्टी के जिलाध्यक्ष रतीभान प्रसाद के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधि मण्डल कलेक्टर को ज्ञापन सौपते हुये बंधा, कुंदा व पचौर में भू-अर्जन की प्रक्रिया को विरोध किया। जहां आप पार्टी के जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले में विधि संगत भू-अर्जन एक्ट के तहत ड्रोन कैमरा चलाया जाए। साथ ही विस्थापित परिवार एवं ग्राम पंचायत के सरपंच की उपस्थिति में भू-अर्जन अधिकारी पहले वार्तालाप करें। इसके उपरांत अन्य प्रक्रिया प्रारंभ करें। यदि ऐसा नही होता है तो ऐसा प्रतीत होता है कि सिर्फ कंपनी एक्ट चलाया जा रहा है। जिले में किस भू-अर्जन एक्ट आदेश के तहत जारी हुआ यह आदेश 2013 भू-अर्जन एक्ट के तहत धारा 11 के पहले निर्माण रजिस्ट्री नामांतरण ड्रोन कैमरे से फोटोग्राफी हो ही नही सकती परन्तु ग्रामीणों का कहना है प्रशासन जबरदस्ती पुलिस के दम पर ड्रोन सर्वे सहित भवन निर्माण पर रोक लगाने के लिए आमादा है। जिससे विस्थापित परिवार एवं प्रशासन के बीच संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने अपने दो जनप्रतिनिधि सीधी सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा एव देवसर विधायक डॉ. राजेंद्र मेश्राम से इस मुद्दे पर अपनी मदद के लिए की अपील। लोगों का कहना है यदि इन दोनों जन प्रतिनिधिओं ने मदद नहीं की तो क्षेत्र के लोग दोनों जनप्रतिनिधियों का पूर्णतहः बहिष्कार करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्लाइट का टिकट खरीदने पर देनी होगी यह सुविधा, DGCA ने एयरलाइंस को 27 मार्च तक की दी डेडलाइन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने यात्रियों की सुविधा के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। डीजीसीए ने सभी एयरलाइनों को निर्देश दिया गया है कि वे टिकट बुक होने के बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय पर उपलब्ध यात्री चार्टर का ऑनलाइन लिंक यात्री को (एसएमएस/वाट्सएप) मैसेज के रूप में भेजें ताकि यात्रियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी मिल सके। इस लिंक में यात्रियों के अधिकारों, नियमों और शिकायत निवारण की पूरी जानकारी होगी, जिससे उन्हें किसी भी समस्या के समाधान में आसानी हो। यह जानकारी एयरलाइन की वेबसाइट और टिकट पर भी प्रमुखता से होनी चाहिए। विमानन नियामक ने विमान सेवा देने वाली कंपनियों को यात्रियों से जुड़े नियमों और ग्राहकों के अधिकारों से संबंधित प्रविधानों का प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया है। डीजीसीए ने इस संबंध में सात मार्च को सभी एयरलाइंस को पत्र भेजा और इसे 27 मार्च 2025 तक लागू करने की बात कही गई है। डीजीसीए के आदेश के बाद सभी एयरलाइन कंपनियों ने अपने सिस्टम में बदलाव करना शुरू कर दिए है। स्पाइसजेट ने इस प्रक्रिया को लागू कर दिया है और यात्रियों को उनके अधिकारों की जानकारी टिकट बुकिंग के साथ भेजी जा रही है।

### अदालत को ही धोखा दे रहे, पेंशन योजना लागू नहीं करने पर सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को लगाई फटकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पंजाब में 1996 की पेंशन लाभ योजना



को लागू करने में पंजाब सरकार की निष्क्रियता पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की। जस्टिस अभय एस. ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि अगर राज्य सरकार इस योजना को लागू करने में विफल रही तो अदालत खुद लाभार्थियों को मौद्रिक लाभ प्रदान करेगी। कोर्ट ने कहा कि कई मौकों पर आश्वासन देने के बावजूद पंजाब सरकार इस संबंध में कार्रवाई करने में विफल रही है। जस्टिस ओका ने नाराजगी जताते हुए कहा, राज्य को इसका जवाब देना चाहिए। हम इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि राज्य सरकारें अदालतों के साथ कैसा व्यवहार कर रही हैं। अदालत ने कहा कि हम इस बात को दर्ज करेंगे कि राज्य के किसी भी अधिकारी पर भरोसा नहीं किया जा सकता। राज्य ने अदालत को धोखा दिया है। दलीलें सुनने के बाद अदालत ने पंजाब की ओर से पेश वकील को प्रदेश सरकार से निर्देश लेने का आदेश दिया और मामले की अगली सुनवाई एक अप्रैल तय की। शीर्ष अदालत ने इस वर्ष पांच मार्च को पंजाब के मुख्य सचिव को 1996 की पेंशन लाभ योजना को लागू करने में विफल रहने और इसे लागू करने की वचनबद्धता का उल्लंघन करने के लिए अवमानना नोटिस जारी किया था। शीर्ष अदालत पंजाब प्राइवेटली मैनेज्ड एफिलिएटेड एंड पंजाब गवर्नमेंट एडेड कॉलेजेस पेंशनरी बेनिफिट्स स्कीम, 1996 को लागू नहीं करने को लेकर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### युवक ने पत्नी पर किया कमेंट, गुस्से में पति ने गोदा चाकू; एक की मौत दूसरा गंभीर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तरी दिल्ली के तेलीवाड़ा इलाके में सोमवार को चाकूबाजी की घटना घटी। एक शख्स की पत्नी पर कथित तौर पर टिप्पणी करना दो लोगों को भारी पड़ गया। आरोपी ने दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। जिसमें एक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, बाड़ा हिंदू राव पुलिस स्टेशन में चाकू घोंपने की घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और पाया कि आशु और हर्षू नामक युवक घायल हैं। उन्होंने बताया कि दोनों को हिंदू राव अस्पताल ले जाया गया, जहां आशु को मृत घोषित कर दिया गया। शुरुआती जांच में पता चला है कि यह विवाद आशु द्वारा आरोपी की पत्नी के बारे में की गई टिप्पणी के बाद उपजा था। तैश में आकर आरोपी ने उनपर हमला कर दिया। पुलिस सूत्र ने बताया, टिप्पणी से गुस्साए शिवम उर्फ बल्लू और गौतम ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। हर्षू भी हमले में शामिल पाया गया। उसका एलएनजेपी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने करीब 140 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके बाद आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी हुई। मामले में आगे की जांच जारी है। एक दूसरे मामले हौजखास इलाके में रविवार देर रात को कैब की टक्कर से बाइक सवार डिलीवरी ब्वॉय गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने केस दर्ज कर कैब जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

# डीटीसी बसें करीब आधे रूटों पर दौड़ी ही नहीं, फिर भी हर साल बढ़ता रहा घाटे के बोझ : कैग रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शराब नीति और मोहल्ला क्लीनिक के बाद दिल्ली विधानसभा में सोमवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) पर कैग रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट के अनुसार, डीटीसी की बसें करीब 43 फीसदी मार्गों पर दौड़ी ही नहीं।

वर्ष 2015 से 2022 तक की अवधि के लिए तैयार की गई इस रिपोर्ट में कहा गया है कि डीटीसी को बीते सात वर्षों में कुल 60,741 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। डीटीसी ने 814 रूटों में से महज 57त्न पर बस संचालन किया। वर्ष 2015-22 के दौरान निगम में ओवरएज लो फ्लोर बसों की संख्या 0.13त्न थी, जो 31 मार्च 2023 तक 44.96 फीसदी हो गई। पुरानी बसों में ब्रेकडाउन बढ़ने से 668 करोड़ का घाटा हुआ। निगम ने 300 ई-बसें खरीदी, जबकि फंड अधिक था। ई- बसों की आपूर्ति में देरी हुई, इसके लिए ऑपरेटरों पर 29.86 करोड़ रुपये का जुर्माना नहीं लगाया गया।

**डीटीसी हर साल घाटे के बोझ से दबती गई :** बेहतर योजना न होने की वजह से न सिर्फ डीटीसी को घाटा झेलना पड़ा, बल्कि आधी दिल्ली में लोगों को बस सेवाओं की सुविधा भी नहीं मिली। कैग की डीटीसी पर वर्ष 2015 से 2022 तक के आंकड़ों पर पेश की गई रिपोर्ट में इसका जिक्र किया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, डीटीसी की ओर से तय 814 रूटों में से बसों का



परिचालन सिर्फ 468 रूटों पर ही किया गया। यानी दिल्ली के 346 (43 प्रतिशत) रूटों पर बसों का संचालन ही नहीं किया गया। इससे राजस्व में कमी आई। इसके अलावा लो-फ्लोर बसों का माइलेज निर्धारित मानकों से कम रहने, बसों में आग लगने की घटनाओं से और बिना काम किए भुगतान किए जाने से भी डीटीसी का घाटा साल दर साल बढ़ता गया। डीटीसी का सालाना घाटा 2015-16 में 3411 करोड़ से बढ़कर 2022 में 8498 करोड़ तक पहुंच गया। कैग की ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक, डीटीसी की बसों ने रोजाना उनके लिए तय किए गए निर्धारित किलोमीटर पूरे नहीं किए। निगम की बसें औसतन 7.06 से 16.59 प्रतिशत तक कम चलीं, इसकी वजह से भी परिचालन लागत में बढ़ोतरी हुई। ओवरएज बसों की संख्या ज्यादा होने की वजह से उनमें बार-बार खराबी आई और प्रति 10,000 किलोमीटर संचालन में बसों की खराबी के मामले 2.90 से 4.57 फीसदी रहे। बसों की खराबी और किलोमीटर पूरे न होने के कारण वर्ष 2015-22 के दौरान परिवहन निगम को 668.60 करोड़ का नुकसान झेलना पड़ा।

**घटती चली गई बसों की संख्या :** निगम के बेड़े में बसों की कमी हुई है। साल 2015-16 में डीटीसी की बसों की संख्या 4,344 थी, जबकि 2022-23 में घटकर 3,937 बसें रह गईं। परिवहन निगम इस अवधि में सिर्फ नई 300 इलेक्ट्रिक बसें खरीद सका, जबकि दिल्ली सरकार की ओर से अन्य बसें खरीदने के लिए फंड उपलब्ध था। इलेक्ट्रिक बसों को बेड़े में शामिल करने में देरी हुई, देरी से आपूर्ति के लिए भी ऑपरेटरों पर 29.86 करोड़ रुपये का जुर्माना नहीं लगाया गया।

**एएफसीएस शुरू न होने के बावजूद कर दिया भुगतान:** रिपोर्ट के मुताबिक बसों में किराया वसूली के लिए ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम (एएफसीएस) परियोजना का पहला चरण दिसंबर 2017 में चालू किया गया था, लेकिन सिस्टम इंटिग्रेटर न होने की वजह से यह क्रियाशील नहीं हुआ। इसके साथ ही 3,697 बसों में सीसीटीवी सिस्टम लगाया गया और मार्च 2021 में ठेकेदार को 52.45 करोड़ का भुगतान कर दिया गया। इस सिस्टम का परीक्षण कर स्वीकृति नहीं ली गई, जिसकी वजह से इसे गो लाइव घोषित नहीं किया गया। मई 2023 तक भी यह प्रणाली बसों में चालू नहीं हुई थी।

**2009 के बाद नहीं किराया संशोधित नहीं किया :** सीएजी रिपोर्ट में कहा गया है कि परिवहन निगम को किराया निर्धारित करने की स्वायत्तता नहीं है। इसकी वजह से परिचालन लागत की पूरी वसूली नहीं कर पाया। परिवहन निगम की बसों का किराया आखिरी बार 3 नवंबर 2009 को संशोधित किया गया था। इस नुकसान की भरपाई के लिए दिल्ली सरकार वार्षिक राजस्व अनुदान, रियायती पास की प्रतिपूर्ति और महिलाओं की निशुल्क यात्रा के लिए सब्सिडी देती है। परिवहन विभाग से डीटीसी को 225.31 करोड़ की वसूली करनी थी, लेकिन नहीं की गई। इसमें किराये की रकम के साथ-साथ, सर्विस टैक्स और क्लस्टर बसों के परिचालन व पार्किंग स्थान के ट्रांसफर के लिए शुल्क शामिल था। इसके अलावा 6.26 करोड़ रुपये का संपत्तिकर और ग्राउंड रेंट 4.62 करोड़ रुपये की रकम परिवहन विभाग को वाहनों की आपूर्ति की एवज में बकाया थी।

## दिल्ली में बिजली के दामों पर भाजपा सरकार का यूटर्न, विधानसभा में ऐलान के बाद पलटे मंत्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में अभी बिजली के दाम नहीं बढ़ेंगे। ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को विधानसभा में दिए गए बयान पर अब यूटर्न ले लिया है। मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को कहा कि पिछली सरकार की गलतियों के बाद भी भाजपा सरकार दिल्ली की जनता पर बिजली के दामों का अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ने देगी। हमारी सरकार बिजली की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। दरअसल, सदन में बिजली की दरों को लेकर सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान आप विधायक मुकेश अहलावत ने बिजली की दरों पर लगने वाले पीपीएसी (पावर परचेज एग्रीमेंट) शुल्क को लेकर सवाल पूछा था। इसी दौरान इमरान हुसैन ने पूरक सवाल में बिजली दरों की बढ़ोत्तरी पर सवाल पूछा। इस पर जवाब देते हुए आशीष सूद ने कहा कि हम जनता को भरोसा दिलाते हैं कि जनता पर बिजली दरों का कोई भार नहीं बढ़ेगा। दिल्ली के बिजली मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को विधानसभा में एक प्रश्न के जवाब में बिजली की कीमतों में संभावित वृद्धि का संकेत दिया था। उन्होंने इसकी वजह 'आप' सरकार द्वारा छोड़े गए डिस्कॉम के 27,000 करोड़ रुपये के कर्ज को बताया था। बिजली मंत्री सूद ने कहा था कि बकाया राशि वसूलने के लिए डिस्कॉम को दरें बढ़ाने का अधिकार है। मंत्री ने कहा था कि पिछली सरकार ने डीईआरसी के माध्यम से डिस्कॉम पर रेगुलेटरी एसेट्स का 27 हजार करोड़ रुपये का कर्ज छोड़ा है। इसे वसूलने के लिए कंपनियों को बिजली की दरें बढ़ाने का अधिकार दिया गया है। पिछली सरकार के कार्यकाल में हाईकोर्ट के आदेश पर डीईआरसी को टैरिफ ऑर्डर लाने का आदेश दिया गया था।

## हिंडन एयरपोर्ट के पास बनेंगे होटल, रेस्तरां और मॉल, हजारों पैसेंजर्स को होगा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंडन एयरपोर्ट के आसपास होटल, रेस्तरां, मॉल और व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स बनेंगे। आवास एवं विकास परिषद अजंतापुरम योजना में एयरपोर्ट मार्ग के आसपास की जमीन पर व्यावसायिक भूखंड काटेगी। मुख्यालय से मुहर लगने के बाद लेआउट फाइनल होगा, जिसके बाद भूखंडों की नीलामी की जाएगी। हिंडन एयरपोर्ट सिकंदरपुर और आसपास की जमीन पर बना है। एयरपोर्ट से सटी जमीन पर आवास एवं विकास परिषद की अजंतापुरम योजना प्रस्तावित है, जिसका लेआउट तैयार हो रहा है। मार्च में हिंडन एयरपोर्ट से व्यावसायिक उड़ानों की शुरुआत होने के बाद यहां रोजाना डेढ़ हजार से अधिक यात्रियों की आवाजाही हो रही है। एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक में संपर्क मार्ग को चार लेन का बनाने के साथ ही आसपास के होटल व रेस्तरां खोलने का मुद्दा उठा, जिसे लेकर एयरपोर्ट निदेशक ने भी प्रशासन को पत्र लिखा था। प्रशासन ने आवास एवं विकास परिषद से सड़क चौड़ीकरण के लिए जमीन मांगी थी। इसी कारण परिषद ने भी अजंतापुरम योजना के लेआउट में बदलाव किया है। लेआउट पिछले माह फाइनल हो चुका था।

# क्या हुआ अगर साथी से बड़ी है महिला तो...; रेप के आरोपी को राहत नहीं, हाई कोर्ट का एफआईआर रद्द करने से इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने रेप के आरोपी को राहत देने से इनकार कर दिया। आरोपी ने इस आधार पर एफआईआर रद्द करने की मांग की थी कि महिला उससे उम्र में बड़ी है और उसे वैवाहिक समस्याओं के बारे में पहले से ही सोच लेना चाहिए था।

दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि अगर कोई महिला अपने साथी से उम्र में बड़ी है तो उसे विवाह संबंधी कठिनाइयों का पहले से ही अनुमान लगा लेना चाहिए, यह तर्क महिला विरोधी है। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने शादी का झूठा वादा करके एक महिला से बलात्कार करने के आरोपी के खिलाफ एफआईआर को रद्द करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह तर्क कानूनी रूप से अमान्य और अयोग्य है। कोर्ट ने कहा कि पुरुष के वादों के आधार पर संबंध बनाने के महिला के फैसले को महज जुनून के रूप में खारिज नहीं किया जा सकता, जब बाद में वह मुकर जाता है।

कोर्ट ने 20 मार्च को अपने आदेश में कहा कि आरोपी के वकील की यह दलील कि महिला अपने साथी से बड़ी है, इसलिए उसे अतिरिक्त जिम्मेदारी लेनी चाहिए और विवाह संबंधी कठिनाइयों का पता होना चाहिए, कानूनी रूप से दोषपूर्ण है। आदेश में आगे कहा गया कि इस तरह के तर्क में न केवल कानूनी आधार का अभाव है, बल्कि यह एक महिला विरोधी दृष्टिकोण को भी दर्शाता है। यह पीड़ित पर अनुचित बोझ डालने का प्रयास करता है,




जबकि याचिकाकर्ता को उसके आश्वासनों और आचरण के लिए उत्तरदायित्व से मुक्त करता है। कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री और आरोपों की गंभीरता को देखते हुए इस स्तर पर एफआईआर को रद्द करने का कोई औचित्य नहीं है। इसलिए याचिका खारिज की जाती है। व्यक्ति पर आरोप है कि उसने 2018 से 2021 के बीच शादी का झांसा देकर महिला के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध सहित जबरन शारीरिक संबंध बनाए।

महिला ने दावा किया कि उसने उस व्यक्ति से इसलिए दोस्ती की थी क्योंकि वे दोनों सहकर्मी थे। उसने उसे भविष्य में साथ रहने का आश्वासन दिया था। यहां तक कहा था कि वह किसी और से शादी नहीं करेगा। महिला ने कहा कि उसने कई बार उस व्यक्ति की आर्थिक मदद की। लेकिन उसका व्यवहार अंततः बदल गया और वह उससे दूर रहने लगा। उस व्यक्ति पर आरोप है कि उसने उससे शादी करने या पैसे वापस करने से इनकार कर दिया। इसके बाद महिला ने मई 2021 में पुलिस में उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

## टोल टैक्स वाला झटका ! दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे समेत तीन हाईवे पर ज्यादा देना होगा पैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल और एनएच-9 पर एक अप्रैल से सफर महंगा हो जाएगा। दिल्ली से मेरठ तक मेरठ एक्सप्रेसवे पर कार-जीप के टोल में पांच रुपये और बस-ट्रक के टोल में 20 रुपये का इजाफा हुआ है। 31 मार्च रात 12 बजे से नई टोल दरें लागू हो जाएंगी।

एनएचएआई ने टोल वृद्धि की अधिसूचना जारी की। इसके अनुसार, माल वाहक सात एक्सल से ज्यादा वाले वाहन की टोल दरों में सबसे अधिक 590 रुपये की वृद्धि की गई। इसके अलावा अन्य श्रेणी के वाहनों की टोल दरें भी बढ़ाई गई हैं। एनएच-9 के छिजारसी टोल प्लाजा पर कार और जीप का टोल अब पांच रुपये ज्यादा देना होगा। मेरठ एक्सप्रेसवे पर सराय काले खां से मेरठ तक कार और जीप का एक तरफ का टोल 170 रुपये होगा। अभी 165 रुपये टोल लिया जा रहा है। गाजियाबाद से मेरठ का टोल 75 रुपये होगा। अभी 70 रुपये टोल वसूला जा रहा है।

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे की नई दर




सराय काले खां से मेरठ तक कार और जीप का एक तरफ का टोल 165 रुपये से बढ़कर 170 रुपये हो गया है। हल्के व्यावसायिक वाहन का एक तरफ का मेरठ तक का टोल 275 रुपये हो गया है। इन वाहनों पर दस रुपये बढ़ाए गए हैं। बस और ट्रक की नई टोल दर 580 रुपये की गई है। इन वाहनों से अभी 560 रुपये टोल वसूला जा रहा था। इस तरह बस और ट्रक पर 20 रुपये बढ़ाए गए हैं। इसी तरह अन्य श्रेणी के वाहनों पर भी टोल बढ़ गया है। इंदिरापुरम से मेरठ तक कार और जीप का एक तरफ का टोल 115 रुपये हो गया। आने-जाने का टोल 175 देना होगा। लाइट कॉमर्शियल वाहन का एक तरफ का टोल 185 और आने-जाने का 280 रुपये टोल देना होगा। डूंडाहेडा से कार जीप का मेरठ का एक तरफ का टोल 90 और दोनों तरफ का 140 रुपये होगा। डासना से मेरठ का कार और जीप का एक तरफ का टोल 75 और दोनों तरफ का 115 रुपये देना होगा। लाइट कॉमर्शियल वाहन का एक तरफ का टोल 125 और दोनों तरफ का टोल 185 देना होगा। रसूलपुर सिकरोड से मेरठ तक कार-जीप का एक तरफ का टोल 55 और दोनों तरफ का 85 रुपये हो गया है। गाजियाबाद से एनएच-9, मेरठ एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे निकल रहे हैं।

## नोएडा एयरपोर्ट के नोटिफाइड एरिया में बने थे अवैध मकान, 25 पर चला बुलडोजर

**नोएडा , एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के जिला प्रशासन और यमुना प्राधिकरण ने नोएडा एयरपोर्ट के अधिसूचित क्षेत्र में बने 25 अवैध मकानों और पक्के निर्माण को सोमवार को ध्वस्त कर दिया। ये भूस्वामी अधिसूचित क्षेत्र में नोटिफिकेशन जारी होने के बाद भी निर्माण कर रहे थे। इससे एयरपोर्ट के विस्तार में रुकावट उत्पन्न हो गई थी। प्रशासनिक टीम ने शेष भूस्वामियों को भी निर्माण हटाने के लिए नोटिस जारी किए हैं। नोएडा एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी दुर्गेश सिंह ने बताया कि पिछले करीब एक सप्ताह से प्रशासन और प्राधिकरण की टीम ने अभियान चलाकर अधिसूचित क्षेत्र में हुए पक्के निर्माण को रुकवाया था। भूस्वामियों को पक्का निर्माण न हटाने पर डीओ तक जारी किए गए थे, लेकिन भूस्वामी जमीन पर अवैध रूप से निर्माण कार्य करते रहे। प्रशासन और प्राधिकरण की टीम सोमवार को पूरी तैयारी के साथ रामनेर, किशोरपुर और सबौता गांव में पहुंची, यहां पर दो बजे से शाम छह बजे तक लगातार बुलडोजर चला और करीब 25 घरों को ध्वस्त किया गया। प्रशासन-प्राधिकरण के साथ दो कंपनी पीएसी समेत 100 से अधिक पुलिसकर्मी थे। टीम कुल 11 जेसीबी मशीनें लेकर मौके पर पहुंची थी। हालांकि, अधिसूचित क्षेत्र में करीब 200 से अधिक पक्के आवास बन चुके हैं। यदि भूस्वामियों ने निर्माण न



हटाया तो ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी। जेवर के उपजिलाधिकारी अभय सिंह ने कहा, एयरपोर्ट के अधिसूचित क्षेत्र में बने मकानों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू हो गई है। भूस्वामियों को चेतावनी देकर अपने स्तर से निर्माण हटाने के लिए कहा गया था, लेकिन किसी ने नहीं हटाया। इस कारण ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। दूसरी तरफ गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के तोड़फोड़ दस्ते ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर सोमवार को सेक्टर-29 में अवैध रूप से निर्मित पांच दुकानें और 150 झुग्गियों पर बुलडोजर चलाया। चेतावनी दी गई।

# पहाड़ों पर होगी बारिश, मैदानी इलाकों में गर्मी बरपाएगी कहर; मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जैसे-जैसे मार्च का महीना अपनी समाप्ति की ओर बढ़ रहा है, मौसम में गर्मी बढ़ती जा रही है। अभी भले ही देश के कुछ स्थानों पर बारिश और तेज हवाएं चलती दिख रही हैं, लेकिन 30 मार्च तक बारिश का नामोनिशान खत्म हो जाएगा। मौसम विभाग ने भयंकर गर्मी का अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से आने वाले कुछ दिनों में पहाड़ों पर बारिश देखने को मिल सकती है। लेकिन मैदानी इलाकों और खासकर उत्तर प्रदेश में गर्मी का प्रकोप लोगों के पसीने निकालने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। कहीं बारिश, तो कहीं गिरे ओले बीते 24 घंटे की बात करें, तो आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में भयंकर बारिश हुई। वहीं पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और तेलंगाना में ओलावृष्टि देखने को मिली। इस दौरान ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में तेज हवाएं भी चलीं।

गुजरात के सुरेंद्रनगर में देश का सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान दर्ज किया गया, जो 41 डिग्री रहा। 24 मार्च को प्रायद्वीपीय भारत के ज्यादातर हिस्सों में मेघगर्जन के साथ-साथ वज्रपात की स्थिति रही।

**दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय :** इस वक्त दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय



हैं। पहला पश्चिमी विक्षोभ झारखंड और बिहार के ऊपर बना हुआ है, जबकि दूसरा पश्चिमी विक्षोभ कतर के पास सक्रिय है। इनके कारण पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 27 मार्च तक फिर से बारिश शुरू होने की संभावना है।

प्रायद्वीपीय भारत के कई स्थानों पर 25 मार्च को गरज के साथ 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। 26 और 27 मार्च को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश और 28 मार्च को अरुणाचल प्रदेश के लिए भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है।

**गर्मी से निकलेगा दम :** उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी स्थानों में कई जगहों पर अगले 2 दिनों के दौरान तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। हालांकि उत्तर प्रदेश में काफी गर्मी पड़ने वाली है। यहां अगले 4 दिनों में तापमान में 4 से 6 डिग्री की वृद्धि हो सकती है।

पश्चिम भारत और पूर्वोत्तर भारत में भी अगले 4-5 दिमों में तापमान में 4 से 6 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। मध्य भारत और महाराष्ट्र में 4 से 5 दिनों में तापमान 2 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है। वहीं गुजरात में अगले 24 घंटे में तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा।

आईपीएल 2025:

# आशुतोष ने शिखर धवन को समर्पित किया प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** 66 रनों की शानदार नाबाद पारी के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स पर दिल्ली कैपिटल्स को एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाने के बाद, आशुतोष शर्मा ने अपना प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार अपने गुरु और भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को समर्पित किया। आशुतोष के लिए इस पल को और भी खास बनाने वाली बात थी धवन के साथ एक खास वीडियो कॉल, जिसका वीडियो दिल्ली कैपिटल्स ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया और वायरल हो गया। वह वास्तव में बहुत खुश थे। लव यू पाजी, आशुतोष ने डीसी द्वारा शेयर किए गए वीडियो में कहा।

धवन और आशुतोष पिछले सीजन में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) में एक साथ खेले थे, इससे पहले कि पूर्व ने खेल से संन्यास की घोषणा की। धवन, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था, पंजाब किंग्स में उनके साथ रहने के दौरान आशुतोष के गुरु थे। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज, जो अपने नेतृत्व और संयम के लिए जाने जाते हैं, ने एक खिलाड़ी के रूप में आशुतोष के विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। पंजाब किंग्स सेटअप से परे उनकी मेंटरशिप का विस्तार हुआ, जिसमें धवन के सकारात्मक प्रभाव ने कई युवा क्रिकेटरों के करियर को आकार दिया।

आशुतोष ने प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने के बाद कहा,पिछले साल से सबक लिया। पिछले सीजन में कुछ मौकों पर खेल खत्म करने से चूक गया। पूरे साल मैंने ध्यान केंद्रित किया और इसकी कल्पना की। मुझे विश्वास था कि अगर मैं आखिरी ओवर तक खेलता हूं, तो कुछ भी हो सकता है। विप्रज ने अच्छा खेला। मैंने उसे हिट करते रहने के लिए कहा। वह दबाव में बहुत शांत था। मैं यह पुरस्कार अपने गुरु शिखर पाजी को समर्पित करना चाहता हूं। डीसी के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला




किया। एलएसजी के सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम और मिशेल मार्श ने पावरप्ले ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन किया, इससे पहले मिचेल स्टार्क के डैथ ओवरों में शानदार प्रदर्शन ने डीसी को एलएसजी को 209/8 पर रोकने में मदद की।

210 रनों का पीछा करते हुए, इम्पैक्ट सब्सटीट्यूट के तौर पर आए आशुतोष ने 31 गेंदों पर नाबाद 66 रनों की पारी खेलकर मैच का रुख बदल दिया और डीसी को आईपीएल इतिहास में सबसे सफल रन चेज तक पहुंचाया।

इस बीच, 20 वर्षीय विप्रज ने 15 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेली, जिसने पारी को गति देने में अहम भूमिका निभाई।

## इंपैक्ट प्लेयर नियम पर बोले महेंद्र सिंह धोनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जब इम्पैक्ट प्लेयर नियम को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लागू किया गया तो वह इसकी जरूरत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं थे लेकिन अब वह इसे टी20 क्रिकेट के विकास के एक हिस्से के रूप में देखते हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स का यह 43 वर्षीय करिश्माई क्रिकेटर हालांकि खुद को इंपैक्ट प्लेयर नहीं मानते हैं क्योंकि वह अब भी अपनी टीम के पहली पसंद के विकेटकीपर हैं। धोनी ने कहा, 'जब पहली बार यह नियम लागू किया गया तो मुझे लगा कि वास्तव में इसकी जरूरत नहीं है। कुछ हद तक इसने मेरी मदद की और नहीं भी की। मैं अभी विकेटकीपिंग कर रहा हूं इसलिए मैं इंपैक्ट प्लेयर नहीं हूं। मुझे इसके अनुसार ही आगे बढ़ना होगा। कई लोगों का कहना है कि इस नियम के कारण बड़े स्कोर बन रहे हैं लेकिन मेरा मानना है कि खिलाड़ियों की सहज होकर खेलने से ऐसा हो रहा है। इस नियम की भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा और स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ियों ने आलोचना की है। इन दोनों का मानना है कि इससे ऑलराउंडर प्रभावित हो रहे हैं क्योंकि टीम इंपैक्ट प्लेयर की भूमिका के लिए आक्रामक बल्लेबाजों को चुन रही हैं। धोनी ने कहा कि इस नियम से टीमों को कड़ी परिस्थितियों में एक अतिरिक्त बल्लेबाज रखने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं है कि एक अतिरिक्त बल्लेबाज रखने के कारण बड़े स्कोर बन रहे हैं। यह मानसिकता से जुड़ा है।



टीमों के पास अब एक अतिरिक्त बल्लेबाज की सुविधा है, इसलिए वे अधिक आक्रामक तरीके से खेलते हैं। ऐसा नहीं है कि सभी चार या पांच अतिरिक्त बल्लेबाजों का उपयोग किया जा रहा है, यह सिर्फ उस बल्लेबाज के होने से मिला आत्मविश्वास है। टी20 क्रिकेट इसी तरह विकसित हुआ है।




## अंडर-23 नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में हरियाणा टीम ने जीता गोल्ड

**चंडीगढ़, एजेंसी।** असम के गुवाहाटी में हुई पहली अंडर 23 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा की पुरुष वर्ग की टीम ने फाइनल मुकाबले में पंजाब की टीम को हराते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया है। प्रतियोगिता 18 मार्च से 24 मार्च तक हुई है, फाइनल मुकाबले में पंजाब की टीम को 94-73 से हराकर हरियाणा की टीम ने गोल्ड मेडल जीता है।

प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में कर्नाटक, क्वार्टर फाइनल मुकाबले में तमिलनाडु, प्री क्वार्टर फाइनल में बिहार और अपने लीग मैचों में मेघालय, पश्चिमी बंगाल व चंडीगढ़ की टीमों को हराया। कप्तान साहिल टाया के नेतृत्व में टीम ने तमाम मैचों में शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ी राजन के अलावा दीपेंद्र, अंकुश, राहुल, अजय और लक्ष्य ने भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता विजयी होने पर कोच विनय श्योराण ने टीम को बधाई दी है, साथ ही कोच दीपक शर्मा तथा मैनेजर विशाल सिंह ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि टीम की मेहनत रंग लाई है। वहीं, टीम के खिलाड़ियों ने हरियाणा स्टेट बास्केटबॉल एसोसिएशन के एडमिनिस्ट्रेटर एवं हिसार कमिश्नर ए श्रीनिवास का धन्यवाद करते हुए कहा कि सफलता के लिए उनका आभार, जिन्होंने अच्छे खिलाड़ियों को चयनित करके टीम के रूप में प्रतियोगिता में भेजा।

## श्रीलंका की अदालत ने मैच फिक्सिंग मामले में भारतीय को सुनाई 4 साल की सजा

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका की एक अदालत ने एक भारतीय नागरिक को क्रिकेट मैच फिक्सिंग के 2024 के एक मामले में मंगलवार को चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। योगी पटेल पर कैंडी में खेले गए लीजेंड्स लीग टी 20 टूर्नामेंट में मैच फिक्स करने की पेशकश के आरोप लगे थे। उस पर श्रीलंका की चयन समिति के अध्यक्ष उपुल थरंगा की शिकायत के आधार पर आरोप लगाए गए थे।



पटेल पर अदालत द्वारा यात्रा प्रतिबंध के बावजूद देश से भाग जाने के कारण उसकी अनुपस्थिति में मुकदमा चलाया गया था। उसे पिछले साल मार्च में गिरफ्तार किया गया था और बाद में कड़ी शर्तों के तहत मई में जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम घोषित की

**दुबई** -पाकिस्तान के खिलाफ चल रही पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने के बाद मेजबान न्यूजीलैंड ने आगामी एकदिवसीय मैचों के लिए घोषित टीम में दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को जगह दी है। न्यूजीलैंड के चयनकर्ताओं ने आगामी तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज के लिए टीम की कमान टॉम लेथम को सौंपी है। जबकि सफेद गेंद कप्तान मिशेल सेंटनर टीम में नहीं होंगे। टीम में कई नए खिलाड़ियों को भी घरेलू टीम में शामिल किया गया है।

न्यूजीलैंड के प्रथम श्रेणी सर्किट में वेलिंगटन फायरबर्ड्स के लिए खेलने वाले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज निक केली और बाएं

दो अनकैप्ड खिलाड़ी टीम में




हाथ के तेज गेंदबाज मुहम्मद अब्बास को पहली बार राष्ट्रीय टीम में जगह दी गई है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेल रहे राचिन रवींद्र, डेवोन कॉनवे, ग्लेन फिलिप्स और सेंटनर टीम से बाहर है। पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के शुरुआती मैच में शतक बनाने वाले विल यंग, केली के साथ शीर्ष क्रम में शामिल होंगे। जबकि डेरिल मिशेल, माइकल ब्रेसवेल और नाथन स्मिथ मध्य क्रम में खेलेंगे।

गेंदबाजी की बात की जाये तो विल ओ'रुर्क, जैकब डफी, नाथन स्मिथ और बेन सियर्स चार-आयामी तेज गेंदबाजी आक्रमण में शामिल होंगे। इस बीच, जैमीसन को आराम दिया गया है। स्पिन में ऑलराउंडर ब्रेसवेल के साथ 22 वर्षीय ऑकलैंड एसेस के लेग स्पिनर आदि अशोक शामिल होंगे। दूसरा एकदिवसीय मैकलीन पार्क, नेपियर में मैच दो अप्रैल, तीसरा एकदिवसीय मैच पांच अप्रैल को बे ओवल, माउंट माउंगानुई में होगा।

### न्यूजीलैंड की टीम

टॉम लैथम (कप्तान), मुहम्मद अब्बास, आदि अशोक, माइकल ब्रेसवेल, माक चैपमैन, जैकब डफी, मिच हे, निक केली, डेरिल मिशेल, विल ओ'रूर्क, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ और विल यंग।

बीसीसीआई सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट:

# श्रेयस अय्यर ही नहीं इनकी भी लगेगी लॉटरी !

● विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा को लग सकता है बड़ा झटका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक पुरुष टीम के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट जारी नहीं किए हैं। इससे कई तरह की अटकलें लग रही हैं। खासकर ए+ कैटेगरी में बदलाव की बातें हो रही हैं।

रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा ने टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। यही वजह है कि माना जा रहा है कि इन तीनों ही दिग्गजों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में घाटा हो सकता है। बता दें कि महिलाओं के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की लिस्ट जारी हो गई है। इसमें 16 नाम हैं और तीन कैटेगरी हैं। पुरुषों की लिस्ट में पिछली बार 30 नाम थे। संभावना है कि बोर्ड जल्द ही सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान कर दे। ए+ कैटेगरी में 7 करोड़ रुपये की रिटेनरशिप फीस मिलती है। ए कैटेगरी में खिलाड़ी को 5 करोड़ रुपये मिलते हैं। ग्रेड-बी और सी में खिलाड़ियों को क्रमशः 3 करोड़ और 1 करोड़ रुपये मिलते हैं। सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट राष्ट्रीय चयन समिति बनाती है। वे हेड कोच और सचिव (देवाजित सैकिया) से सलाह लेते हैं। फिर इसे मंजूरी के लिए एपेक्स काउंसिल के सामने रखा जाता है। खबर है कि सभी सीनियर खिलाड़ियों को ए+ कैटेगरी में रखने पर सबकी राय एक जैसी नहीं है। पिछले साल बुमराह, रोहित, कोहली और जडेजा को टॉप कैटेगरी में रखा गया था। ए+ कैटेगरी में उन खिलाड़ियों को रखा जाता है जो तीनों फॉर्मेट में हमेशा खेलते हैं। अब कोहली, रोहित और जडेजा ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया है। इसलिए वे सिर्फ दो फॉर्मेट में खेलने वाले खिलाड़ी रह गए हैं। सिर्फ बुमराह ही ऐसे हैं जो तीनों फॉर्मेट में खेलते हैं। वह टेस्ट के कप्तान भी बन सकते हैं।

# उनका रवैया किसी शेर जैसा..., नवजोत सिद्धू ने धोनी और कोहली की तारीफ में पढ़े कसीदे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली को मौजूदा दौर के आइकन के रूप में जाना जाता है। दोनों ने क्रिकेट को रोमांचक बनाने के लिए काफी योगदान दिया है। दोनों ही 2008 से लेकर अब तक आईपीएल का हिस्सा हैं। इस बीच भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा है कि ये दोनों दिग्गज संस्था किसी से कम नहीं हैं। सिद्धू ने कहा कि समकालीन खिलाड़ियों के फीके पड़ने के बाद भी कोहली और धोनी की प्रासंगिकता कम नहीं होगी।दरअसल, 28 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबला खेला जाना है। इस मुकाबले को लेकर पूछे जाने पर सिद्धू ने कहा, लोग कोहली और धोनी को आइकन कहते हैं, लेकिन मैं उन्हें संस्थाएं कहता हूं। विराट कोहली का नाम पीढ़ियों तक रहेगा। धोनी का नाम पीढ़ियों तक रहेगा।



उन्हें लंबे समय तक दुनिया भर में अपने वर्चस्व को स्थापित करने और सभी प्रारूपों में खुद को ढालने के लिए जाना जायेगा। उनका रवैया किसी शेर जैसा है। सिद्धू ने कहा, इन दोनों ने अपने करिश्मे और आकर्षण से पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। पूरी दुनिया में उन्हें रोल मॉडल माना जाता है। गली के बच्चे विराट कोहली बनना चाहते हैं। उनका प्रभाव इस तरह का है। सिद्धू ने धोनी को खास खिलाड़ी करार देते हुए कहा, वह भारत के सर्वश्रेष्ठ कप्तान रहे हैं।

वह साथी खिलाड़ियों में आत्मविश्वास भरने में सफल रहे हैं। वह सामान्य खिलाड़ियों को विशेष बनाने में माहिर हैं।सिद्धू ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में धोनी की स्टंपिंग का जिक्र करते हुए कहा, धोनी 43 साल के हैं, लेकिन आपने देखा होगा कि उन्होंने किस तरह से स्टंप किया। उन्होंने बिजली की गति से तेजी से गिल्लियां बिखेर दी थीं। मेरा कहने का मतलब यह है कि युवा खिलाड़ी भी इतनी फुर्ती नहीं दिखा सकते हैं। वह इस तरह से लोगों को प्रेरित करते हैं।

# मेरी कप्तानी में ऐसा ही होगा, आदत बना लो, लखनऊ पर रोमांचक जीत के बाद बोले दिल्ली के कप्तान अक्षर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने सोमवार को आईपीएल मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स पर मिली एक विकेट की रोमांचक जीत के बाद कहा कि इसे आदत बना लो क्योंकि मेरी कप्तानी में ऐसा ही होगा। उन्होंने कहा, मेरे फैसले लेने की प्रक्रिया भी कुछ इसी तरह की है, इसलिए कुछ भी हो सकता है। कभी-कभी प्रशंसकों को गुस्सा भी होगा। अभी हम जीत गए हैं, इसलिए कोई कुछ नहीं कहेगा। अक्षर ने कहा, आईपीएल में हमने बहुत कुछ देखा है। पावरप्ले में चार विकेट गंवाना और फिर मैच जीतना, ऐसा बहुत बार नहीं देखा। पर अब क्रिकेट बदल रहा है। इसलिए आपको बस क्रीज पर रहना और कोशिश करनी है। वहीं, लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा, हमने अच्छा स्कोर खड़ा किया था। हम इस हार से सीखेंगे और सुधार करने का प्रयास करेंगे। यह कहना आसान है कि कहां गलती हुई। उनके लिए ट्रिस्टन स्टब्स और आशुतोष ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। एक और खिलाड़ी विप्रज निगम ने मिलकर मैच दिल्ली के पक्ष में कर दिया। दिल्ली कैपिटल्स के आशुतोष शर्मा 'मैन ऑफ द मैच' रहे जिन्होंने 31 गेंद में नाबाद 66 रन की पारी खेलकर जीत दिलाई। आशुतोष शर्मा की अर्धशतकीय पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को एक विकेट से हराकर अपने अभियान का आगाज किया। सोमवार को विशाखापत्तनम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने निकोलस पूरन और मिचेल मार्श की धमाकेदार अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 209 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19.3 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 211 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। 210 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की खराब शुरुआत हुई थी। जैक फ्रेजर मैकगर्क एक रन बनाकर आउट हुए।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण एवं प्रगति की प्रतिदिन करें समीक्षा : कलेक्टर

## लंबित प्रकरणों के निराकरण में न हो लापरवाही, कंट्रोल रूम के माध्यम से दें सूचना



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्त जिला अधिकारी प्रतिदिन शिकायतों के निराकरण एवं प्रगति की समीक्षा करें। जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम के माध्यम से भी सभी एल-1 स्तर के अधिकारी एवं संबंधित जिला अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण के संबंध में आवश्यक सूचना दी जाए। जिला कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागवार लंबित सीएम हेल्पलाइन सहित साप्ताहिक समयावधि पत्रों, जनसुनवाई के प्रकरणों, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिक सेवाओं के समय पर प्रदाय और शासन के महत्वपूर्ण पत्रों पर कार्यवाही की समीक्षा की।

जिला कलेक्टर ने टीएल बैठक में फरवरी माह की रैंकिंग में डी श्रेणी के विभागों के अधिकारियों को अविलंब शत प्रतिशत प्रकरणों का प्रभावी तरीके से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मार्च माह की लंबित शिकायतों के प्रकरणों का भी समय पर निराकरण के लिए समुचित प्रयास करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बजट के अभाव में लंबित शिकायतों के तत्काल निराकरण के लिए आवश्यक प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। इसी तरह खाद्य विभाग अंतर्गत 835 लंबित शिकायतों के प्रभावी निराकरण के लिए समस्त कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के साथ समन्वय कर शिकायतों का शीघ्रता से निराकरण करने के लिए कहा। ऊर्जा, नगरीय विकास एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, राजस्व विभाग सहित आरटीओ की 15 शिकायतों के निराकरण के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारी को सेवानिवृत्त शिक्षक एवं अधिकारी-कर्मचारियों के अर्जित अवकाश नगदीकरण से संबंधित लंबित 44 शिकायतों के अविलंब निपटारा के निर्देश भी दिए। साथ ही समस्त बीएमओ को आशा कार्यकर्ता सहित समस्त अधीनस्थ मैदानी कर्मचारियों के माध्यम से स्वास्थ्य योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए निर्देशित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर द्वारा समस्त राजस्व अधिकारियों को इस सप्ताह अधिकतम राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा पटवारियों के प्रतिवेदन चेक करने के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर ने टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत बार-बार निर्देश के बावजूद एल-1 स्तर पर शिकायत अटेंड न करने वाले अधिकारियों पर पुनः नाराजगी जताई। इस क्रम में चार अधिकारियों क्रमशः जनपद पंचायत सीईओ रोहित मालवीय एवं सतीष नागवंशी, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कमल किशोर चौबे एवं विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी सर्वेश लोधी के विरूद्ध संभागायुक्त को कार्यवाही का प्रस्ताव प्रेषित करने के लिए कहा। इसी तरह कृषि विभाग अंतर्गत फसल बीमा की मामलों में समन्वय के साथ लंबित प्रकरण का निराकरण नहीं करने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही के लिए विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। टीएल बैठक में स्थानीय निकायवार पेंशन हितग्राहियों के ई-केवायसी कार्य में तेजी लाने, स्वरोजगारमूलक प्रकरणों में अधिकतम पात्र हितग्राहियों को समय सीमा में लाभ प्रदान करने तथा बैंक स्तर पर समन्वय कर प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न विभागों के गत वर्ष में जिला कोषालय के माध्यम से असफल ई-भुगतान प्रकरणों का एक सप्ताह में निराकरण किया जाए। इसी तरह कोषालय सॉफ्टवेयर पर शासकीय सेवकों के एम्पलाई आईडी का समग्र से सत्यापन कार्य भी शीघ्र पूर्ण किया जाए अन्यथा कारण बताओ नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जाएगी। जिला स्तर पर ई-ऑफिस के सफल क्रियान्वयन के लिए जरूरी कार्यवाही तथा आगामी दिवसों में विभागीय अधिकारियों के प्रशिक्षण के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेकर मांग और पात्रता के आधार पर नवीन केन्द्र स्थापित करने, चेक लिस्ट मुताबिक केन्द्रों पर समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने, धर्मकांटों की जांच और गोडाउन मैपिंग सहित गोदाम की स्थिति का आंकलन कर उपार्जित धान की शिफ्टिंग सहित बारदाना उपलब्धता व समय पर पंजीयन सत्यापन के लिए भी कहा। संबंधित अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों के सतत निरीक्षण के लिए भी निर्देशित किया। शाहनगर के सिविल अस्पताल में पेयजल एवं शौचालय की बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में एसडीएम को निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्धारित आबादी वाली बसाहटों में सड़क सुविधा के लिए सर्वे कार्य, आगामी 31 मार्च तक राशन हितग्राहियों के केवायसी पूर्ण करने तथा इस सप्ताह विकासखण्ड स्तर पर सचिव एवं जीआरएस की समीक्षा बैठक में विकास कार्यों के प्रस्ताव पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# गुड़ी पड़वा पर श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में होगा कार्यक्रम

**पन्ना**

संस्कृति विभाग द्वारा रविवार, 30 मार्च को चैत्र नवरात्र के प्रारंभ अवसर एवं गुड़ी पड़वा पर्व पर श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण पन्ना में विक्रमोत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिला कलेक्टर द्वारा अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही अन्य विभाग के अधिकारियों को भी आवश्यक दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा सूर्य उपासना पर केन्द्रित प्रस्तुतियां दी जाएंगी। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विक्रम संवत् भारतीय कालगणना के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा ब्रम्ह ध्वज, विक्रमादित्य नाटक की प्रस्तुतियां भी स्थानीय कलाकार एवं छात्रों द्वारा प्रस्तुत की जाएंगी। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन सहित स्कूल शिक्षा विभाग, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ एवं मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के समन्वय से होगा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को संस्कृति संचालनालय से संपर्क एवं समन्वय कर गरिमापूर्ण कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं।

### मंदिर एवं शासकीय भवनों में स्थापित होंगे ब्रम्ह ध्वज

सूर्य उपासना कार्यक्रम अंतर्गत विक्रमोत्सव 2025 एवं गुड़ी पड़वा पर आयोजित कार्यक्रम में 15 प्रमुख मंदिरों और शासकीय भवनों पर तहसीलदार पन्ना एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा ब्रम्ह ध्वज स्थापित करवाया जाएगा। श्री जुगल किशोर मंदिर, श्री रामजानकी मंदिर, श्री बल्देव जी मंदिर, श्री गोविन्द जी मंदिर, श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर, श्री प्राणनाथ मंदिर सहित श्री पद्मावती बड़ी देवी मंदिर, श्री राधारमण मंदिर, श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर जनकपुर, फूला माता मंदिर महेन्द्र भवन, संयुक्त कार्यालय भवन इन्द्रपुरी कॉलोनी, जिला पंचायत कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय एवं पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में ब्रम्ह ध्वज स्थापित किए जाएंगे।

# यातायात पुलिस द्वारा बस स्टैण्ड व अस्पताल के सामने नो पार्किंग में खडे होने वाले आटो, ई-रिक्शा पर की गई कार्यवाही




**पन्ना।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वन्दना सिंह चौहान व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्री एस.पी.सिंह बघेल के निर्देशानुसार थाना प्रभारी यातायात द्वारा व अपनी यातायात टीम के साथ विगत दिवस को बस स्टैण्ड के अन्दर व शासकीय अस्पताल गेट के सामने अनियमित दशा में खडी करने वाले व अनियमित रूप से संचालित आटो, ई- रिक्शा चालको के विरुद्ध विगत दिवस विशेष अभियान चलाया जाकर कार्यवाही की गयी । जिसमें थाना प्रभारी यातायात श्रीमती निरीक्षक नीलम लक्षकार द्वारा आटो, ई- रिक्शा सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल - 34 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही.एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की जाकर 19000 रुपये समन शुल्क राशि वसूल की गयी । साथ ही सभी आटो , ई - रिक्शा चालकों को शासकीय अस्पताल गेट के समाने व बस स्टैण्ड के अन्दर खडी न करने की समझाईस दी गयी ।

# रील बनाने के लिए मालगाड़ी पर चढ़े 3 दोस्त, अचानक लगा 25 हजार वोल्ट का झटका

**सतना।** एमपी के सतना जिले में सेल्फी और रील बनाने का जुनून युवाओं पर इस कदर हावी हो गया है कि वे अपनी जान तक जोखिम में डाल रहे हैं। बीती शाम करीब छह बजे सतना रेलवे स्टेशन पर एक गंभीर घटना घटी। यार्ड में खड़ी मालगाड़ी के ऊपर चढ़कर तीन युवक रील बना रहे थे, तभी एक युवक 25 हजार वोल्ट करंट वाली ओएचई वायर की चपेट में आ गया। करंट लगते ही वह बुरी तरह झुलस गया। घायल युवक प्रिंस चौधरी (19) को आरपीएफ ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की हुई बैठक

**पन्ना**



कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय अनुसूचित जाति-जनजाति सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक हुई। इस अवसर पर वर्तमान वित्तीय वर्ष के छात्रवृत्ति प्रकरणों के निराकरण, बजट मांग, जाति प्रमाण पत्र एवं राहत राशि वितरण सहित आवश्यक एवं अधिक समय से लंबित मामलों में परीक्षण कर शीघ्र कार्यवाही इत्यादि के संबंध में जरूरी चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि एट्रोसिटी एक्ट में दर्ज मुकदमों में समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रकरण दर्ज होने पर त्वरित रूप से तहरीर की कार्यवाही करें। संबंधित फरियादी से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर समय पूर्व जरूरी समन्वय का कार्य भी किया जाए। विशेष लोक अभियोजक एवं अन्वेषण अधिकारी की नियुक्ति व सजा में पैरवी सहित यात्रा भत्ता बजट के लिए समय पर मांग पर प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर ने अत्याचार निवारण नियम 1995 के तहत गठित समिति की बैठक में गत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा कर वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति व जनजाति श्रेणी के मामलों में राहत प्रकरणों की स्वीकृति व भुगतान राशि वितरण की जानकारी ली।

बताया गया कि एक अप्रैल 2024 से अब तक कुल प्राप्त 308 प्रकरणों में से 247 प्रकरणों में एक करोड़ 52 लाख 68 हजार 750 रूपए की राशि का वितरण किया जा चुका है। इस दौरान अन्य आवश्यक विषयों पर भी चर्चा हुई। बैठक में समिति के समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे।

# पुलिस द्वारा अजयगढ़ थाना क्षेत्र में अबैध कट्टा लिए घूम रहे आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

## आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा एवं 02 जिंदा कारतूस जप्त

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्ण एस.थोटा के निर्देशन ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजयगढ़ श्री आरएस भदौरिया एवं थाना प्रभारी अजयगढ श्री बखत सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी चंदौरा आनंद मोहन मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अबैध कट्टा कारतूस लिये एक आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा गया है । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा जिला में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए अबैध अस्त्र शस्त्रो के निर्माण ,भण्डारण एवं विक्रय करने वाले आरोपियों के विरूध्द वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार जिला के समस्त थाना एवं चौकी स्तर पर पुलिस टीमो गठित की गई हैं इसी तारतम्य मे थाना प्रभारी अजयगढ़ श्री बखत सिंह के द्वारा चौकी प्रभारी चंदौरा के नेतृत्व में टीम गठित की गई । टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप दिनांक 22/3/2025 को चौकी प्रभारी चंदौरा सउनि आनंद मोहन मिश्रा को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम खरौनी से चंदौरा तरफ पैदल जा रहा है जो अबैध कट्टा कारतूस रखे है सूचना तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर मुखबिर के बताये हुलिया अनुसार संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी करके पुलिस अभिरक्षा में लेकर नाम पता पूंछने पर उसने अपना नाम संतोष सिंह चौहान पिता मलखान सिंह चौहान निवासी खरौनी का होना बताया पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उक्त व्यक्ति के कमर के बायीं तरफ सर्ट पेंट के अंदर एक अबैध 315 बोर का देशी कट्टा व बायें पेंट की जेब में दो नग जिंदा कारतूस पाये गये जिसे विधिवत जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है मामले में आरोपी के विरूध थाना अजयगढ़ में अपराध क्र. 156/2025 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट पंजीबध्द किया जाकर विवेचना में लिया गया है । जप्त सामग्री में पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक अबैध देशी कट्टा एवं दो अदद जिंदा कारतूस कीमती 3900/- रूपये के जप्त किये गये हैं । गिरफ्तार आरोपी में संतोष सिंह चौहान पिता मलखान सिंह चौहान उम्र 40 साल निवासी ग्राम खरौनी।

सराहनीय योगदान में निरीक्षक बखत सिंह थाना प्रभारी अजयगढ़ ,सउनि आनंद मोहन मिश्रा चौकी,आरक्षक-राजू साहू ,विनोद कुमार, विजय सिंह की सराहनीय भूमिका रही ।

# जिपं सीईओ ने किया ग्राम पंचायतों का निरीक्षण



**पन्ना।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी द्वारा सोमवार को पवई क्षेत्र की ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कई विकास कार्यों का निरीक्षण कर अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। ग्राम पंचायत उड़ला में मनरेगा अंतर्गत तालाब निर्माण कार्य का जायजा लिया एवं कार्य की गुणवत्ता परखी। सीईओ श्री मरावी ने ग्राम पंचायत कोनी एवं सिरसी के नवीन ग्राम पंचायत अटल सुशासन भवन का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर निर्धारित मानकों के तहत उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहित उप यंत्री, सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक को जरूरी निर्देश दिए। जिपं सीईओ द्वारा विभिन्न सामाजिक योजनाओं की भी जानकारी ली गई तथा स्थानीयजनों से संवाद किया गया।

# सम्पत्ति कर, जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार में अधिभार में छूट

**पन्ना।** नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि में सम्पत्ति कर, जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार में उपभोक्ताओं को छूट देने का निर्णय लिया है। यह छूट उपभोक्ताओं को 31 मार्च 2025 तक ऑनलाइन भुगतान की दशा में की जाएगी। इस संबंध में विभाग ने नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद और नगर परिषद को पत्र लिखकर निर्देश जारी किए हैं। वर्ष 2024-25 वित्तीय वर्ष की कर वसूली 31 मार्च 2025 तक ही हो सकेगी। वर्तमान में 15वें वित्त आयोग की शर्तों के अनुसार प्रति वर्ष सम्पत्ति कर की वसूली में राज्य की ग्रास स्टेट डॉमिस्टिक प्रोडक्ट (जीएसडीपी) की औसत वृद्धि के अनुरूप वृद्धि किया जाना अनिवार्य है। इस स्थिति को देखते हुए वृद्धि न किए जाने की स्थिति में संबंधित नगरीय निकायों को 15वें वित्त आयोग के अनुदान से वंचित होना पड़ सकता है। नगरीय निकायों को अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं को समस्त प्रकार के करों की वसूली नियत समय में किए जाने के लिए जागरूक करने के लिये कहा गया है। नागरिक इस संबंध में विस्तृत जानकारी अपने क्षेत्र के नगरीय निकाय के वार्ड कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते हैं।

# मुकेश मौर्य ने जिला आबकारी अधिकारी का पदभार ग्रहण किया

**पन्ना।** जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय जिला पन्ना में नवागत जिला आबकारी अधिकारी मुकेश मौर्य ने निवर्तमान जिला आबकारी अधिकारी संतोष कुमार सिंह से पदभार ग्रहण किया । विदिशा से स्थानांतरित होकर आए मुकेश मौर्य ने कलेक्टर पन्ना के समक्ष जिला आबकारी अधिकारी के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज की । निवर्तमान जिला आबकारी अधिकारी संतोष सिंह का स्थानांतरण संभागीय उड़नदस्ता कार्यालय संभाग सागर हुआ है । गौरतलब है, कि संतोष कुमार सिंह की सेवानिवृति इसी माह है, उसके बावजूद उन्हें स्थानांतरण के कारण संभागीय उड़नदस्ता कार्यालय सागर में अपनी उपस्थिति देनी पड़ेगी ।

# घुसकर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया मशरूका जप्त



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गुनौर श्री ग्लैडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक सुशील कुमार के नेतृत्व में गुनौर थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा घर में घुसकर चोरी करने वाले 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा गया है ।

मामले में फरियादी विजय रैकवार पिता पूरन रैकवार निवासी ग्राम इमलिया थाना गुनौर के द्वारा थाना गुनौर में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 21/03/25 की रात्रि को उनके समाज का खाना पीना चल रहा था । इस दौरान फरियादी भी अपने घर के बाहर दरवाजे पर ताला लगाकर गाँव के बाहर वाले मकान में चला गया था । फरियादी ने जब सुबह घर में आकर देखा तो उसके घर में रखी हुई खाद्यान्न सामग्री कुल वजन करीबन एक क्विंटल कोई अज्ञात चोर घर के पीछे की दीवाल फांद कर कोई चोरी कर ले गया है । फरियादी की सूचना पर थाना गुनौर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 84/25 धारा 331 (4), 305(ड) बीएनएस का पंजीबंद किया जाकर विवेचना में लिया गया । थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक सुशील कुमार द्वारा घटना की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को प्रदाय की गई । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुये घटनास्थल पर निरीक्षण के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर एक संदेही से सख्ती से पूछताछ की गई । उक्त संदेही द्वारा पूँछताछ पर अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर घर के अंदर घुसकर चोरी करना स्वीकार किया गया । पुलिस टीम द्वारा उक्त तीनो आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई खाद्यान्न सामग्री जप्त की गई । पुलिस टीम द्वारा मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करके माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया माननीय न्यायालय के आदेशानुसार आरोपियों को न्यायिक हिरासत पर जिला जेल पन्ना दाखिल कर दिया गया है।

सराहनीय योगदान में उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार , प्रधान आरक्षक सुरेश चंद्र पांडे, आरक्षक धर्मेंद्र प्रजापति एवं देवराज पटेल का सराहनीय योगदान रहा । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम के कार्य की सराहना की गई है ।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, बुधवार 26 मार्च 2025 | 8


मऊगंज के नवनियुक्त कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जनसुनवाई में 24 शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान दो गंभीर मामलों का तत्काल समाधान किया गया। ग्राम पंचायत गोरहा के निवासी गोविंद का तीन साल पूर्व राशन कार्ड में नाम कट गया था।



## विकसित भारत के निर्माण के लिए स्वस्थ भारत आवश्यक : उप मुख्यमंत्री

### भोजपाल मित्र परिषद के कैंसर जागरूकता एवं जाँच शिविर का किया शुभारंभ



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि भारत वर्तमान में विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आने वाला समय भारत का है। हम फिर से सोने की चिड़िया बनने की राह पर हैं और इस सपने को पूरा करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, सबसे पहला सुख निरोगी काया है। विकसित भारत के निर्माण के लिए स्वस्थ भारत आवश्यक है। इसके लिए नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना होगा, स्वस्थ जीवनशैली अपनानी होगी और नियमित जाँच करवानी होगी, ताकि रोगों का समय पर निदान हो सके और प्रसार को रोका जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ज्ञान विज्ञान भवन, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल में भोजपाल मित्र परिषद द्वारा आयोजित कैंसर जाँच एवं जागरूकता शिविर का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिये सतत प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि शासकीय प्रयासों के साथ-साथ निजी सहभागिता को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। वर्ष 2003 में प्रदेश में मात्र 5 मेडिकल कॉलेज थे, जो अब बढ़कर 17 हो चुके हैं। आगामी 2 वर्षों में 8 नवीन शासकीय मेडिकल कॉलेज खोले जाने की योजना है। इसके अलावा, 12 जिलों में पीपीपी मोड से मेडिकल कॉलेज स्थापना के प्रयास किए जा रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने भोजपाल मित्र परिषद द्वारा कैंसर जागरूकता एवं जाँच शिविर की पहल की सराहना करते हुए कहा कि कैंसर की सही समय पर जाँच उसके निदान को सरल बनाती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि राइट टू हेल्थ के साथ राइट टू स्क्रीनिंग भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पूरे देश में 30 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों की जाँच के लिए 20 फरवरी से 31 मार्च तक नि:शुल्क निरोगी काया अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें बीपी, सुगर, फैटी लीवर और कैंसर की जाँच की जा रही है। उन्होंने उपस्थित युवाओं और प्रबुद्ध जनों से आह्वान किया कि इस अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के तहत असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों पर जाँच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। रोगों की पहचान होने पर त्वरित रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल अस्पतालों अथवा जिला चिकित्सालयों में उपचार प्रारंभ किया जा रहा है। नए मरीजों की पहचान के लिए आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर जानकारी इकट्ठा की जा रही है। प्राप्त जानकारी के आधार पर असंचारी रोग स्क्रीनिंग एवं पंजीयन का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्क्रीनिंग के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न बीमारियों के लक्षण, बचाव और उपचार की जानकारी भी दी जा रही है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि कैंसर के इलाज के लिए शीघ्र ही प्रदेश के सभी संभागीय मुख्यालयों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों में अत्याधुनिक उपकरण जैसे ब्रेकीथेरेपी, पेट स्कैन, लीनियर एक्सीलरेटर आदि की सुविधा होगी तथा पर्याप्त मैनपावर की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क और सजग रहना भी आवश्यक है, ताकि जीवनशैली में सुधार कर स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान दिया जा सके।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण और उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि आयुर्वेद स्वस्थ जीवन शैली का मार्ग प्रशस्त करता है।

## कमिश्नर आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग से करेंगे समीक्षा

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 26 मार्च को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगे। बैठक शाम 4 बजे से कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से आरंभ होगी। बैठक में साइबर तहसील, आरसीएमएस पोर्टल से प्रकरणों के निराकरण, उपार्जन की तैयारी, खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों के ईकेवाईसी अपडेशन तथा स्कूल चलें हम अभियान की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में कुपोषण पर नियंत्रण के प्रयास, क्षय रोग एवं सिकल सेल नियंत्रण अभियान, जल गंगा संवर्धन अभियान तथा पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी। संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर अपने-अपने जिलों के एनआईसी केन्द्र से बैठक में शामिल होंगे। कमिश्नर ने संभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ कमिश्नर कार्यालय मंन उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उप मुख्यमंत्री ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं



**रीवा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मुख्यमंत्री निवास में जन्मदिन के शुभ अवसर पर मंगलमय शुभकामनाएं दीं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के स्वस्थ, सुदीर्घ और सफल जीवन की कामना की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सतत विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास सभी क्षेत्रों में प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दूरदर्शी नीतियों से मध्यप्रदेश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## शासकीय उद्यान नदीबाग में फल बहार की नीलामी आज

**रीवा।** शासकीय उद्यान नदीबाग में आम, कटहल एवं नीबू फल बहार की वर्ष 2024-25 की नीलामी 26 मार्च को दोपहर 12 बजे से उद्यान कार्यालय नदीबाग में की जायेगी। उद्यान अधीक्षक से प्राप्त जानकारी के अनुसार इच्छुक व्यापारी व क्रेतागण नियत तिथि में नीलामी में शामिल हो सकते हैं।

## मन प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट प्रशासन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### तनावमुक्त जीवन शैली पर आयोजित हुआ आयोजन



**रीवा।** अपने विचारों, भावनाओं और कार्यो पर नियंत्रण रखें। अपने भावों व विचारों को समझे, एवं तनाव व चिंता से अपने को दूर रखें। अपने व्यवहार को सकारात्मक तरीके से निर्देशित करें। उक्त उद्गार राजयोगिनी ब्राम्हकुमारी डॉ रीना दीदी ने आनंद विभाग एवं ब्राम्हकुमारी संस्थान रीवा द्वारा ज़िलें में कार्यरत शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए कलेक्ट्रेट मोहन सभागार में मन प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट प्रशासन विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने व्याख्यान कार्यक्रम में बताया कि यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में मध्यप्रदेश शासन के साथ मिलकर आयोजित किया जा रहा है। जिससे प्रदेश शासकीय विभागों में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों को तनाव मुक्ति व जीवन प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन समाज की रीढ़ है। अत: इसमें कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी तनावमुक्त होकर अपना कर्तव्य निर्वहन करें।

जीवन में सुख शांति के लिये अध्यात्म आवश्यक है। कार्य को पूजा मानकर विजी रहते हुए इजी बने रहे।

कार्यशाला में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में ब्राम्हकुमारी संस्थान से क्षेत्रीय प्रमुख राजयोगिनी निर्मला बहन जी, श्री बीके प्रकाश, बीके राम भाई, बी के राहुल भाई, संयुक्त कलेक्टर पीके पांडेय, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले उपस्थित रहे।

## जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान में बैठक आज

**रीवा।** जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान में 26 मार्च को दोपहर 12 बजे से जनपद सभागार में बैठक आयोजित की जा रही है। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय सिंह बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करेंगे। बैठक में मनरेगा योजना, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था, जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारी, आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों, उपयंत्री, पंचायत सचिव तथा रोजगार सहायकों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## जनसुनवाई में बरा गांव के निवासियों ने नल जल योजना से जल प्रदाय की मांग की

### जनसुनवाई में 132 व्यक्तियों की सुनी गई समस्यायें



**रीवा।** जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट में 132 व्यक्तियों की समस्याओं सुनीं। विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों को अपर कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया। मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में बरागांव के रहवासियों ने नल जल योजनान्तर्गत जल प्रदाय का आवेदन दिया जिसे जनपद सीईओ रीवा को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। चौखण्डी निवासी पुष्पेन्द्र कुमार द्विवेदी ने नक्शा के विपरीत नहर खोदने के कार्य को रोकने, गाढ़ा 138 निवासी धनेश सोनकर ने अतिक्रमण हटाने, गंगतीरा निवासी ललिता प्रसाद द्विवेदी ने नक्शा सुधार कराने तथा पचोखर निवासी संतोष तिवारी ने खसरा सुधार का आवेदन दिया जिन्हें संबंधित एसडीएम को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। रामायण साकेत निवासी पटना के समग्र में नाम जोड़कर खाद्यान्न उपलब्ध कराने तथा विरौलिया देवी निवासी किरहाई जवा के खाद्यान्न प्रदाय करने के आवेदनों को खाद्य अधिकारी को, स्वाती साकेत निवासी हिनौता के पीएम आवास की सूची में नाम जोड़ने के आवेदन को जनपद सीईओ सिरमौर को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बरौ बैकुण्ठपुर के विक्रेतागणों ने गरीब कल्याण अन्न योजना की राशि प्रदाय किये जाने का आवेदन जनसुनवाई में दिया जिसे महाप्रबंधक केन्द्रीय सहकारी बैंक को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। छोटेलाल कोल जोकहा निवासी के आवासीय पट्टा दिलाने तथा हुजूर पड़िया निवासी राजकुमार सिंह के न्यायालय के प्रकरण का पालन कराने के आवेदन को संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही करने के लिये प्रेषित किया गया।

## हेल्दी और हाइजीनिक फूड की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल : शुक्ल



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात में देशवासियों को उचित खान-पान और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि संतुलित और स्वच्छ भोजन नागरिकों के स्वास्थ्य का आधार है। उन्होंने निर्देश दिए कि स्ट्रीट फूड विक्रेताओं और खाद्य संस्थानों को सही खाद्य पदार्थों का उपयोग और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में खाद्य गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु की जा रही कार्यवाहियों और गतिविधियों की वृहद समीक्षा की। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, आयुक्त फूड सेफ्टी श्री संदीप यादव, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन श्री दिनेश कुमार मौर्य, संयुक्त नियंत्रक श्रीमती माया अवस्थी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में एक महीने का विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जाये। जिसमें सभी जिलों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता की जांच हो साथ ही अच्छी प्रैक्टिस की जानकारी भी दी जाये। एक माह बाद खाद्य गुणवत्ता में सुधार के प्रभाव की समीक्षा कर आगामी कार्ययोजना का निर्धारण किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्ट्रीट फूड विक्रेताओं और खाद्य कारोबारियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा संबंधी बेहतर तरीकों के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल करने का प्रयास किया जाए ताकि वे अपने क्षेत्रों में जन-जागरूकता का प्रसार कर सकें।

## बच्चों को सुपोषित रखने के साथ शिक्षा से भी जोड़ें : सोलंकी

**रीवा।** संभाग के सभी जिलों में महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को परियोजना स्तर पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी में दर्ज तीन वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा देकर स्कूल में प्रवेश के लिए तैयार करना है। संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी ने रीवा जिले के शहरी और ग्रामीण परियोजना तथा गंगेव परियोजना में आयोजित प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। संयुक्त संचालक ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य पोषण भी पढ़ाई भी निर्धारित किया गया है। सभी कार्यकर्ता शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा तथा सुपोषण का ध्यान रखने के साथ-साथ उन्हें अनौपचारिक शिक्षा से भी जोड़ें। आंगनवाड़ी केन्द्र में दर्ज तीन वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को छोटे-छोटे मनोरंजक खेलों के माध्यम से अनौपचारिक शिक्षा दें जिससे पाँच वर्ष की आयु पूरा करने के बाद बच्चे स्कूल में जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाएं। प्रशिक्षण के संबंध में निर्देशिका में समुचित मार्गदर्शन दिया गया है। इसका भलीभांति अध्ययन करके पोषण भी और पढ़ाई भी के उद्देश्य को पूरा कराएं। संयुक्त संचालक ने कार्यकर्ताओं को पोषण आहार के वितरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में भी निर्देश दिए।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईव्हीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**रीवा।** विभानसभा निर्वाचन 2023 तथा लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान में उपयोग की गई ईव्हीएम इंजीनियरिंग कालेज के समीप बनाए गए ईव्हीएम वेयर हाउस में सुरक्षित रखी गई हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार ईव्हीएम वेयरहाउस का प्रत्येक त्रैमास में निरीक्षण किया जाता है। इस क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने ईव्हीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, प्रभारी अधिकारी ईव्हीएम तथा कार्यपालन यंत्री आदित्य सिंह नोडल अधिकारी फैज मोइन सिद्दीकी उपस्थित रहे।

## युवा संगम कार्यक्रम में युवाओं को मिला रोजगार, स्वरोजगार हितग्राहियों को हितलाभ का हुआ वितरण

### कलेक्टर ने युवाओं का किया उत्साहवर्धन, लगन व मेहनत से कार्य करने की दी समझाइश



**रीवा।** युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, स्वरोजगार के हितग्राहियों को हितलाभ देने तथा आपरेंटिसशिप मेले के आयोजन के उद्देश्य से युवा संगम कार्यक्रम का जिला मुख्यालय में वृहद आयोजन किया गया। टी.आर.एस. कॉलेज परिसर में आयोजित मेगा जॉब फेयर में 1668 युवाओं को विभिन्न निजी कंपनियों में रोजगार के अवसर पर प्राप्त हुए। स्वरोजगार हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये गये तथा आपरेंटिसशिप के लिए युवाओं का चयन किया गया।

युवा संगम अन्तर्गत आयोजित मेगा जॉब फेयर में टीआरएस कॉलेज के सभागार में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लगन व मेहनत से कार्य करें तथा आधुनिक संचार माध्यमों का सकारात्मक उपयोग कर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले में युवाओं की उपस्थिति यह दर्शाती है कि अभी पढ़ाई करने वाले युवा भी अपने भविष्य के प्रति जागरूक हैं और आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं। उन्होंने अपेक्षा की कि चयनित युवा अपना कार्य नियमित करें तथा आवश्यकतानुसार इसे अपग्रेड करें। कलेक्टर ने स्वरोजगार के हितग्राहियों से बाजार की आवश्यकतानुसार उत्पाद निर्मित करने की बात कही। उन्होंने युवाओं व हितग्राहियों से अपने कौशल को बेहतर बनाने की अपेक्षा की। कलेक्टर ने विभिन्न कंपनियों में चयनित युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किये तथा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये। उन्होंने उद्यानिकी विभाग से चयनित हितग्राहियों को अनुदान राशि के चेक प्रदान किये। इससे पूर्व कलेक्टर ने मेगा जॉब फेयर के पंजीयन काउंटर, काउंसिलिंग काउंटर व विभिन्न कंपनियों के काउंटर में जाकर व्यवस्थायें व प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने कंपनियों के प्रतिनिधियों से जानकारी ली तथा युवाओं से संवाद किया। इस अवसर पर उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने जानकारी दी कि मेगा जॉब फेयर में 40 कंपनियों द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान किये गये। इससे पूर्व वर्ष 2023 में जिले में 4135 युवा चयनित हुए जिनमें से 1800 युवाओं को ऑफर लेटर मिला जबकि वर्ष 2024-25 में 1886 युवाओं को आफर लेटर दिये गये। उन्होंने बताया कि मेगा जॉब फेयर में 2824 युवाओं का पंजीयन हुआ जिनमें 2239 पुरूष, 574 महिला तथा 11 दिव्यांग शामिल हैं। रोजगार मेले में मिडिया इंडिया प्रा. लि. महाराष्ट्र (जीएमसीसी) में 9, सिनोवा गियर्स एण्ड ट्रांसमिशन प्रा.लि. राजकोट गुजरात तथा पीएसएमएल बॉश ग्रुप पुणे में 2, ट्रांयडेन्ट कंपनी बुधनी सीहोर में 23, रेयान सोलर प्रा. लि. में 4, इंटरनिटी क्रेस्ट्स गुजरात में 180, एसआईएस सिक्योरिटी सिंगरौली में 29, एमआरएफ टायर लिमिटेड गुजरात में 38, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा नसिक में 126, फ्लिप कार्ट रीवा में 71, अदानी न्यू इंडस्ट्री लिमि कच्छ गुजरात में 32, टाटा मोटर ऑटोमोबाइल कंपनी अहमदाबाद गुजरात तथा रिलायंस सोलर में 92, अनएकेडमी नोएडा में 38, विन्ध्या टेलीलिंक्स रीवा में 11, मानाबुकी पुणे में 31, एक्टिव कंपोनेंट्स गुजरात में 29, एसएसपीएल महाराष्ट्र में 27, अल्ट्राटेक रीवा में 21, ख्याति शील्ड छत्तीसगढ़ में 61, ग्रोफास्ट जबलपुर में 48, यशस्वी ग्रुप भोपाल में 49, डी एण्ड एच सेचरोन कंपनी इंदौर में 26, लार्सन एण्ड टूब्रा में 66, शक्ति पंप इंडिया लिमिटेड में 45, हिन्द फार्मा में 30, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. सतना में 82, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा में 80, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा 108, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा में 41, डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्रा. लि. पुणे में 23, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार इंदौर में 66, एसबीआई लाइफ में 80, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. में 23, जय भारत मारूति हरियाणा में 20, जिंदल पाइप में 16, मुंजाल शोवा में 8, विनप्रेज मीडिया लखनऊ में 9 तथा भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा में 17, रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833